* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 202

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ममता सरकार को बड़ा झटका, हाइकोर्ट ने रद्द की 36,000 शिक्षकों की भर्ती



WALK-IN-INTERVIEW
A reputed Real Estate company Requires candidates for the position of
1. Receptionist
2. Office Assistant
3. Accountant
Graduate In Commerce With Account Knowledge
4. Office Manager
Exp. of 2 to 3 yrs will be preferred in each position
WALK-IN-INTERVIEW
15-16.05.2023
12.00pm to 4 pm at
House No.- 105, 2nd Floor, Jagriti Bhawan, Opp. Ranchi Nursing Hospital, Ranchi
Mob. No. 7004736443

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

BETHEL COLLEGE OF NURSING
ADD- VILL: ARSANDEY, PO BOREYA, PS KANKE RANCHI JH 834006
B.SC NURSING
ADMISSION OPEN
APPROVED BY JHARKHAND GOVERNMENT
AFFILIATED TO RANCHI UNIVERSITY
RECOGNISED BY INC
INC REGD NEW DELHI
SESSION 2023-24
LIMITED SEAT
Scholarship Available
- DURATION : 4 YEARS
- ELIGIBILITY : 10+2 PASS (PCB)
- AFFORDABLE FEE STRUCTURE
- WELL FURNISHED CLASSROOMS
- LIBRARY BOOKS WITH LATEST EDITION
- LABS WITH LATEST EQUIPMENTS
- LIBRARY BOOKS WITH LATEST EDITIONS
Free Wi-Fi Available
Website: www.bethelcollegeofnursing.com
Email : bethelcollegeofnursing@gmail.com
WhatsApp: 7631006982
Contact: 0651-3568158/ 3553025



## सीबीएसइ 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी

# 10वीं में 94.45 और 12वीं में 89.72 फीसदी रहा रिजल्ट

- लड़कियां अव्वल, सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीएसी ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। सीबीएसइ के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में झारखंड की लड़कियां ने बाजी मार ली है। लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रदेश में 12वीं का रिजल्ट 89.72 फीसदी रहा। इसबार भी छात्राओं का ही दबदबा रहा। 92.94 फीसदी छात्राएं सफल रहीं। छात्रों का पास फीसदी 87.45% रहा।

वहीं, 10वीं में झारखंड का रिजल्ट 94.45 फीसदी रहा। इसमें 95.30 फीसदी छात्राएं सफल रहीं, जबकि 93.90 फीसदी छात्र सफल रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी सफल छात्रों को बधाई दी है।

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई, शुभकामनाएं और जोहार :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि सीबीएसइ बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। इस अवसर पर अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन को भी मैं हार्दिक बधाई देता हूं। आप सभी छात्र-छात्राएं खूब आगे बढ़ें, यही कामना करता हूं।

**आइपीएस प्रभात कुमार की बेटी डीपीएस रांची की टॉपर बनी :** सीबीएसइ कक्षा दसवीं की परीक्षा में आइपीएस प्रभात कुमार की बेटी पावनी कुमार 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डीपीएस रांची की टॉपर बनीं। वहीं अपनी मेधाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ दसवीं की परीक्षा 2023 में विद्यालय के गौरवशाली इतिहास में अपनी पहचान बनायी है।

### राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ा, पीएम ने दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्तर पर इस बार 10वीं में 93.12 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। 94.25 फीसदी लड़कियां, तो 92.72% लड़के सफल हुए। यानी लड़कों के मुकाबले लड़कियां 1.98 फीसदी ज्यादा पास हुईं। वहीं, 12वीं में इस साल कुल 87.33 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इनमें से 90.68 फीसदी लड़कियां और 84.67 फीसदी लड़के हैं। लड़कियां, लड़कों के मुकाबले 6.01% आगे रहीं। 12वीं में 44 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 95% और करीब 1.12 लाख स्टूडेंट्स ने 90% मार्क्स हासिल किये हैं। देश भर में 10वीं और 12वीं दोनों में पहले स्थान पर त्रिवेंद्रम रीजन रहा। वहीं, दूसरे स्थान पर बेंगलुरु और तीसरे स्थान पर चेन्नई रहा।

**प्रधानमंत्री ने कहा एक्जाम वॉरियर्स को बधाई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं उन सभी एक्जाम वॉरियर्स को बधाई देता हू जिन्होंने सीबीएसई की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। मुझे इन युवाओं की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प पर गर्व है। मैं युवाओं की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देता हूं। मैं उन होनहार युवाओं से कहना चाहता हूं जो महसूस करते हैं कि वे परीक्षा में बेहतर कर सकते थे, आपके पास आने वाले समय में और भी बहुत कुछ है। परीक्षाओं का एक चक्र आपको परिभाषित नहीं करता है। अपनी प्रतिभा का उन क्षेत्रों में उपयोग करें जिनके बारे में आप उत्सुक या जिज्ञासु हैं।

## मुख्यमंत्री ने रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का किया उद्घाटन

# मेडिको सिटी की आधारशिला जल्द रखी जायेगी : हेमंत

- टाटा ट्रस्ट्स द्वारा रांची के कांके स्थित सुकुरहुट्टू रोड पर बनाया गया है
- कैंसर पीड़ितों को राज्य में ही मिलेगी सुविधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि काफी वर्षों से झारखंड के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई छोटी-बड़ी चीजें जुड़ती आयी हैं, लेकिन कैंसर के इलाज से संबंधित सुविधा इस प्रदेश में नहीं के बराबर थी। वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही हमने इस निमित्त लगातार प्रयास किया है। आज झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। टाटा ट्रस्ट्स द्वारा स्थापित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन हुआ है। यह केंद्र एक आदर्श कैंसर केयर संस्थान के रूप में पहचान बनाये, इसके लिए टाटा टाटा ट्रस्ट्स और राज्य सरकार मिल कर काम करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के समीप ही मेडिको सिटी के निर्माण के लिए आधारशिला रखेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सुकुरहुट्टू रोड कांके स्थित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

**राज्य के लिए माइलस्टोन साबित होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी तादाद में कैंसर मरीज हमारे राज्य से बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों या अन्य शहरों में जाया करते थे। कई बार तो हमने भी अलग-अलग माध्यमों से कैंसर पीड़ित लोगों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों में भेजा है। राज्य में कैंसर के इलाज की बेहतर सुविधा के लिए पदाधिकारियों के साथ कई बार चिंतन-मनन किया। अंत में राज्य सरकार एवं टाटा ट्रस्ट्स के सामूहिक प्रयास से रांची में कैंसर अस्पताल तैयार हुआ। आज यह अस्पताल राज्य की जनता को समर्पित किया जा रहा है। निश्चित रूप से रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए माइलस्टोन साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में विश्व स्तरीय आधुनिक मशीनें लगायी गयी हैं।

**टाटा समूह को राज्य सरकार का पूरा सहयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं की कड़ी में एयर एंबुलेंस की शुरूआत की गयी है। एयर एंबुलेंस सुविधा के शुभारंभ के बाद से ही प्रत्येक दिन मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अलग-अलग राज्यों के शहरों में ले जाया जा रहा है। एयर एंबुलेंस की सुविधा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को भी मिले इसका पूरा प्रयास राज्य सरकार कर रही है। हमारी सरकार की सोच है कि सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा एक समान मिले। राज्यवासियों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा देने निमित्त राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी ओर से टाटा समूह का धन्यवाद एवं आभार करता हूं। मैं आज इस मंच से विश्वास दिलाता हूं कि इस अस्पताल के संचालन के साथ-साथ राज्य के सर्वांगीण विकास में टाटा समूह को हमारी सरकार पूरा सहयोग करेगी।

**टाटा ट्रस्ट्स कैंसर बीमारी के निदान हेतु प्रतिबद्ध :** इस अवसर पर ट्रस्टी, टाटा ट्रस्ट्स और वाइस चेयरमैन नोएल टाटा ने कहा कि टाटा ट्रस्ट्स बीमारी के निदान से पहले उपचार के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हमारी टीमें जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ काम कर रही हैं। कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग भी कर रही हैं। हमारी प्रतिबद्ध स्वास्थ्य सेवा टीमों के समर्थन के साथ, हम यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करते हैं कि स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित कैंसर के संभावित मामलों का निदान, उपचार और ठीक होने के बाद की स्थिति की निगरानी की जाती हो, जिससे स्वास्थ्य सेवा की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके।



### झारखंड राज्य आरोग्य सोसायटी और टाटा मेडिकल सेंटर के बीच हुआ एमओयू

मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के लिए झारखंड राज्य आरोग्य सोसायटी, झारखंड स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार और टाटा मेडिकल सेंटर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू से झारखंड राज्य के मरीजों को कोलकाता के अत्याधुनिक टाटा मेडिकल सेंटर में कैंसर का विश्व स्तरीय उपचार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह और टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता के डॉ पी अरुण, निदेशक और श्री संजीव कुमार अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी के बीच संपन्न हुआ।

# निलंबित आइएएस छवि रंजन की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेना की भूमि सहित अन्य विवादित जमीन की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोपित निलंबित आइएएस और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने छह दिनों तक पूछताछ करने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद इडी ने दोबारा कोर्ट से छवि रंजन से पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने ईडी को चार दिनों तक पूछताछ की मंजूरी दी।

इससे पहले छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद 5 मई को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। छवि रंजन से इडी सेना के कब्जे वाली जमीन, बजरा मौजा की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ कर चुकी है। जमीन घोटाले मामले में इडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इडी ने जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान इडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी किया गया था। इस छापेमारी के बाद इडी ने रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है।

# देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री एसीबी कोर्ट में हुए हाजिर, दी गवाही

**रांची (आजाद सिपाही)।** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री शुक्रवार को रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने अदालत में खूंटी जिले के ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन से जुड़े मामले में गवाही दर्ज करायी। मंजूनाथ भजंत्री ने ही यह केस खूंटी के तत्कालीन डीडीसी रहते हुए दर्ज करवाया था। देवघर डीसी ने अपनी गवाही में अदालत को बताया कि ठेकेदारों की शिकायत के बाद उन्होंने वर्ष 2014 में कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। ग्रामीण विकास विभाग ने एवी इंटरप्राइजेज को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए टेंडर दिया था। भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संवेदक कंपनी ने विभाग को हैंडओवर कर दिया था।

# ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग होगी

**वाराणसी/प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे कराने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआइ) को आदेश दिया है कि शिवलिंग के अपर पार्ट का सर्वे करें। दस ग्राम से ज्यादा हिस्सा उसमें से नहीं लिया जाये। गौरतलब है कि यह शिवलिंग ज्ञानवापी परिसर में 16 मई 2022 को वुजूखाने में मिला था। वाराणसी जिला जज ने कार्बन डेटिंग की मांग वाली अर्जी को खारिज कर दिया था।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव: वोटों की गिनती आज

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों पर हुए चुनाव के नतीजे आज आ जायेंगे। वोटो की गिनती राज्य के 36 सेंटर में सुबह 8 बजे शुरू होगी। सुबह 11 बजे से सीटों के नतीजे आने शुरू हो जायेंगे। चुनाव आयोग और प्रशान ने मतों की गिनती की तैयारी पूरी कर ली है।

## हेरहंज में बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन पर लगा आरोप

# छात्राओं को 200 बार करायी उठक-बैठक, कई छात्राएं बीमार

- दर्द से रात भर परेशान रहीं छात्राएं, कुछ की तबीयत बिगड़ी
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती

**संतोष सिन्हा/विनय कुमार**



**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो पर विद्यालय की छात्राओं को 200 बार उठक-बैठक कराने का आरोप लगा है। इससे कई छात्राओं की तबियत खराब हो गयीं। वह रात भर दर्द से परेशान रहीं। जिन छात्राओं की तबियत अधिक खराब हो गयीं, उन्हें हेरहंज के हेल्थ वेलनेस सेंटर सह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**छात्राओं ने बतायी आपबीती:** विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि प्रत्येक दिन के अनुसार गुरुवार की शाम 6 बजे एसेंबली की घंटी के बाद खेलकूद का आयोजन किया जाना था। जिसमें उपस्थित 176 छात्राओं में से मात्र छह छात्राओं ने हिस्सा लिया। इससे नाराज हो कर विद्यालय की वार्डन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो ने खेल में शामिल नहीं होने वाली छात्राओं को शारीरिक दंड दिया। उन्होंने छात्राओं से 200-200 बार उठक-बैठक करवाया। कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गयीं।

**वरीय पदाधिकारी पहुंचे अस्पताल:** घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास, प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी और उप प्रमुख विजय उरांव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से घटना की जानकारी ली और उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस बारे में वार्डेन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो से पूछताछ की गयी। तासु पंचायत समिति सदस्य उपेन्द्र यादव, चिरु पंचायत समिति सदस्य पति शिव कुमार सिंह ने भी घटना की जानकारी ली। उन्होंने वार्डन के खिलाफ उपायुक्त भोर सिंह यादव से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### बीमार छात्राओं के नाम

कक्षा 7 : सबिता कुमारी, उषा कुमारी, नेहा कुमारी, संगीता कुमारी। कक्षा 6 : टिंकी कुमारी, अनिता कुमारी, प्रीति कुमारी, मनीता कुमारी, सुमंती कुमारी। कक्षा 11 : गायत्री कुमारी।

Celebrating 1 year of MEDICAL Excellence
सिर्फ सेवा ही नहीं, हम रिश्ते भी बनाते हैं ...
THE CURESTA HOSPITAL Dipatoli
CURESTA GLOBAL ACMS SUPER SPECIALITY HOSPITAL IRBA
सफलता के सफर में एक साल ...
20,000 से ज्यादा मरीजों का सफल ईलाज
1500 से ज्यादा सफल जटिल सर्जरी
70 मरीजों मे सफलतापूर्वक पेसमेकर इंप्लांट
5000 से ज्यादा मरीजों का डाइलिसिस
4 स्टेट ऑफ आर्ट ऑपरेशन थिएटर
24 घंटे ट्रॉमा एवम इमरजेंसी सेवा
24 घंटे दवाखाना एवम एंबुलेंस सेवा
मुख्य सुविधाएं
सुपर स्पेशियलिटी
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
- कैंसर विशेषज्ञ
- न्यूरोलॉजी एवम न्यूरोसर्जरी
- नेफ्रोलॉजी डायलीसिस सुविधा के साथ
- कार्डियोलॉजी, सी टी वी एस एवम सी सी यू
- जेनरल एवम लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- गायनकोलोजी
डायग्नोस्टिक सर्विसेज
- पैथ लैब
- डायग्नोस्टिक (एम आर आई, सी टी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे मैमोग्राफी, बी एम डी, सी आर्म, ओ पी जी, आर वी जी)
- कार्डियक लैब (ई सी जी, ईको, टी एम टी, हॉल्टर)
- गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी लैब (ई आर सी पी, एंडोस्कोपिक, ए पी सी)
- यूरोलॉजी लैब (यूरोफ्लोमैट्री, यूरोडायनामिक्स)
अन्य सुविधाएं
- जेनरल मेडिसिन
- ऑर्थोपेडिक्स एवम ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- यूरोलॉजी एवम एंड्रोलॉजी
- रेडियोलॉजी
- प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवम रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
- शिशु रोग (PICU/ NICU)
- एनेस्थीसिया एवम इंटरनल मेडिसिन
- क्रिटिकल केयर (ICU/NICU)
- कान नाक एवम गले की सर्जरी
- फिजियोथेरेपी
अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम के साथ 24 घंटे आपकी सेवा में
24/7 Emergency Services ICU DIALYSIS PHARMACY AMBULANCE
gurugracia.com
The Curesta Hospital
Dipatoli (Near Surendranath School), Ranchi-834009
Ph. : 7545950000 | 0651-2912300
info@curestahospitals.com
Curesta Global ACMS Hospital
N.H. 33, Irba, Ranchi - 835217
Toll Free No. : 1800 103 4045
www.curestahospitals.com

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# राजस्थान में कांग्रेस का सिरदर्द बढ़ा रहे हैं सचिन पायलट

## ■ 'जन संघर्ष यात्रा' के जरिये घेर रहे अपनी ही सरकार को

## ■ युवा नेता पर कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा पार्टी नेतृत्व

**राजस्थान में कांग्रेस के लिए सिरदर्द खत्म नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कभी उनके डिप्टी रहे सचिन पायलट के बीच की दरार मिटने की बजाय लगातार चौड़ी हो रही है। पायलट इन दिनों पांच दिन की 'जन संघर्ष यात्रा' पर निकले हुए हैं, जिसके माध्यम से वह अपनी ही सरकार को घेर रहे हैं। राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है और कांग्रेस का सिरदर्द इसलिए भी बढ़ गया है। सचिन पायलट ने पिछले महीने गहलोत सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में एक दिन का अनशन किया था और उसी समय अपनी यात्रा की घोषणा की थी। पार्टी नेतृत्व उस समय से उन्हें समझाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन पायलट किसी भी सूरत में पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में पायलट की यात्रा जिन 35 विधानसभा सीटों पर असर डाल सकती है, वहां कांग्रेस पार्टी समानांतर कार्यक्रम की तैयारी कर तो रही है, लेकिन इसका कोई खास असर पड़ता नहीं दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिसके कारण पार्टी के अंदर एक अजीब किस्म की बेचैनी है। चर्चा इस बात की हो रही है कि कांग्रेस नेतृत्व पायलट के खिलाफ कार्रवाई की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहा है, लेकिन वह इस बात से बेखबर है कि यह उसके लिए आत्मघाती साबित हो सकता है। राजस्थान का असर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ पर भी पड़ सकता है, जो पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। इन तमाम राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद पायलट के खिलाफ कार्रवाई के लिए कांग्रेस नेतृत्व किसी जल्दबाजी में नहीं दिख रहा है। सचिन पायलट की यात्रा के कारण कांग्रेस के बढ़े सिरदर्द का राजनीतिक विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

राजस्थान में कांग्रेस के लिए सिरदर्द खत्म नहीं हो रहा है। करीब चार साल पहले पैदा हुई अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच की दरार मिटने की बजाय चौड़ी होती जा रही है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के तर्ज पर अब सचिन पायलट ने 'जन संघर्ष यात्रा' शुरू की है, जिसके कारण कांग्रेस खुद को बेहद असहज स्थिति में पा रही है। इस यात्रा के कारण गहलोत और पायलट के बीच की दूरी एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही है।

कांग्रेस के भीतर अब महसूस किया जाने लगा है कि सचिन पायलट अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की नहीं, कांग्रेस के लिए भी बड़ा सिरदर्द बनते जा रहे हैं। कांग्रेस की चिंता इस बात को लेकर है कि पायलट ने जो यात्रा शुरू की है, वह राज्य की 35 विधानसभा सीटों से होकर गुजरेगी और कांग्रेस ने पिछली बार इन सभी पर जीत हासिल की थी। इसलिए यदि पायलट कांग्रेस छोड़ने का ऐलान करते हैं, तो इन सीटों पर पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले महीने पायलट ने एक दिवसीय अनशन कर पिछली सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार की जांच की मांग को हवा दी थी।

### पहचान के संकट से जूझ रहे सचिन पायलट

अंत में बात राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की। उनकी पहचान कांग्रेस में बगावती नेता के तौर पर रही है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन राजस्थान कांग्रेस के अंदर नेतृत्व को लेकर आंतरिक कलह जारी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के विवाद से कांग्रेस कार्यकर्ता पसोपेश में हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। कांग्रेस ने अभी तक सचिन पायलट की भूमिका तय नहीं की है। ऐसे में सवाल है कि क्या पार्टी उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनाव में सीएम का चेहरा बनायेगी। ऐसा नहीं लग रहा है कि अशोक गहलोत नेतृत्व से हटा दिये जायेंगे और पायलट सरकार का नेतृत्व करेंगे। उन्हें कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और कांग्रेस के नेतृत्व में काम करना होगा। राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें हैं। भाजपा ने 2014 में क्लीन स्वीप किया, तो 2019 में 24 सीट पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस का दोनों चुनाव में खाता तक नहीं खुला था। ऐसे में अगर सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच का विवाद जल्द नहीं सुलझा, तो 2023 और 2024 में भी पहले के नतीजे दोहराये जा सकते हैं। सचिन पायलट की छवि कांग्रेस के अनुशासित कार्यकर्ता की नहीं हो पायी है। उनकी छवि कुर्सी के लिए बेचैन युवा कांग्रेसी की है, जो जात-पात के नाम पर अपनी दावेदारी कर रहा है। उन्हें कांग्रेस के जननेता के तौर पर काफी सफर तय करना है।



### पायलट के तेवर पर चुप क्यों है कांग्रेस नेतृत्व

राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। यह चुनाव कांग्रेस के लिए 'करो या मरो' से कम नहीं होनेवाला है। इसलिए पार्टी नेतृत्व हर कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है। पार्टी गहलोत सरकार की जनहित की योजनाओं और उपलब्धियों के दम पर विधानसभा चुनाव में उतरने का मन बना चुकी है। ऐसे में सचिन पायलट का बगावती तेवर न केवल सरकार की छवि को, बल्कि जनता के बीच पार्टी के अंदरूनी हालात की गलत नैरेटिव सेट करेगा। कांग्रेस का कहना है कि सचिन पायलट की यात्रा पार्टी विरोधी गतिविधि है। यदि सरकार के साथ उनके कुछ मुद्दे हैं, तो उन्हें पार्टी फोरम पर सुलझाया जा सकता है। इसके बावजूद सचिन पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इसका सीधा मतलब यही हो सकता है कि कांग्रेस नेतृत्व की कमजोर नस उन्होंने दबा रखी है। पार्टी नेतृत्व को पता है कि पायलट के खिलाफ कार्रवाई उसके लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

### पायलट के पीछे किसका हाथ, यह बड़ा सवाल

इन तमाम परिस्थितियों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर सचिन पायलट के पीछे किसका हाथ है। पिछली बार, जब उन्होंने गहलोत सरकार के खिलाफ अपने विधायकों को लेकर गुरुग्राम में डेरा डाला था, तब इसके पीछे भाजपा के कुछ नेताओं का हाथ बताया गया था। लेकिन तब से लेकर अब तक बहुत लंबा समय बीत चुका है और भाजपा अब पायलट के पीछे खड़ी होगी, इस बात की संभावना नगण्य है। तब उनके पीछे कांग्रेस के उस खेमे का हाथ हो सकता है, जो गहलोत के खिलाफ है। जानकारों का मानना है कि पायलट अब आर-पार के मूड में आ चुके हैं। वह चाहते हैं कि चुनाव से पहले स्वयं को प्रदेश में मजबूती से जनता के बीच स्थापित किया जाये। मुद्दों के आधार पर गहलोत को घेरने की भी यह रणनीति है। बहरहाल आगे होने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई से सचिन पायलट भी अच्छी तरह वाकिफ होंगे। सोच समझकर ही उन्होंने यह फैसला लिया है, लेकिन कांग्रेस के सामने उन्होंने जो धर्मसंकट पैदा किया है, उसका हल फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है।

---

# बिहार और झारखंड में रातोंरात 2.25 लाख सिम कार्ड ब्लॉक

**अब 517 दुकानदारों पर चल रही एफआइआर की तैयारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/रांची।** दूरसंचार विभाग ने जाली दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त सिम कार्डों का इस्तेमाल कर वित्तीय धोखाधड़ी के खतरे को रोकने के लिए बिहार और झारखंड में 2.25 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है। विभाग को जांच में पता चला कि कुछ लोग मोबाइल फोन का सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए नकली कागजों का उपयोग कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए दो राज्यों में ऐसे 2.5 लाख से अधिक सिम कार्ड बंद कर दिये हैं, जिनके दस्तावेज जांच में जाली पाये गये हैं। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने फोन कंपनियों से यह भी कहा है कि वे फर्जी दस्तावेज के आधार पर सिम कार्ड बेचने वाली दुकानों के साथ काम न करें।

### 517 दुकान ब्लैकलिस्ट, कार्रवाई के आदेश

सूचना के अनुसार दूरसंचार विभाग ने 2.25 लाख मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कर दिया है। ये सभी नंबर अवैध डॉक्युमेंट्स देकर खरीदे गये थे। विभाग ने टेलिकॉम कंपनियों से उन 517 पोस्ट पर भी एक्शन लेने के लिए कहा है, जो इस गलत काम में शामिल थे। इन्हें ब्लैकलिस्ट किये जाने के लिए कहा गया है। इस संबंध में दूरसंचार विभाग के एक बड़े अधिकारी ने कहा है कि अप्रैल माह में बिहार और झारखंड में 2.25 लाख से ज्यादा मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट कर दिये गये हैं। ज्यादातर सिम कार्ड अवैध/अनैतिक तरीकों से हासिल किये गये थे। उन्होंने आगे कहा कि दोनों राज्यों के करीब 517 दुकानों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है, क्योंकि वो भी इन कामों में शामिल थे। उन सभी पीओएस और ग्राहकों के खिलाफ टेलिकॉम कंपनियां कानूनी कार्रवाई करने जा रही हैं।

### जालसाजों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई

इस पूरे मामले में दूरसंचार विभाग, राज्य की पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वह सिम जालसाजों पर ठोस व कठोर कार्रवाई करेगी। बताया जा रहा है कि दूरसंचार विभाग ने साइबर क्राइम से जुड़े खतरों पर लगाम लगाने के लिए पूरे देश में 87 करोड़ से ज्यादा सिम कस्टमर्स के चेहरों का विश्लेषण किया है। इससे जुड़े रिजल्ट्स को दूरसंचार विभाग की फील्ड यूनिट्स से शेयर किया जा रहा है, ताकि पुलिस की मदद से जालसाजों पर सख्त एक्शन लिया जा सके। बता दें, झारखंड भी डीओटी के लाइसेंस सेवा क्षेत्र में आता है।

# नक्सलियों ने 15 मई को बंद बुलाया, अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद का एलान किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश उतराचंल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। बंद की सूचना मिलते ही झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले के एसएसपी और एसपी को अलर्ट जारी किया है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से झारखंड के नक्सल प्रभावित सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र भेजकर बंद के दौरान पूरी तरह से अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नक्सल अभियान के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग और ट्रेन की पटरियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।

इससे पूर्व भाकपा माओवादी संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता साकेत ने इस संबंध में प्रेस रिलीज जारी किया है। जारी रिलीज में कहा गया है कि तीन अप्रैल को झारखंड के चतरा में नशीला पदार्थ खिलाकर सीआरपीएफ की ओर से किये गये पांच माओवादी नेता की हत्या, छत्तीसगढ़ में सात अप्रैल को ड्रोन के जरिये की गयी भारी बमबारी, झारखंड के पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम में एक साल से रॉकेट लांचर से किये जा रहे अंधाधुंध बमबारी और रामनवमी के अवसर पर बिहार के बिहारशरीफ, सासाराम, गया और देश के विभिन्न भागों में एक राजनीतिक पार्टी की ओर से भड़कायी गयी सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद को सफल बनायें। बंद से दूध, मेडिकल, एंबुलेंस, अग्निशमन सेवा को मुक्त रखा गया है। प्रेस विज्ञप्ति के जरिये नक्सलियों ने सभी कमांडरों, जनसंगठनों के नेताओं, मजदूर, किसान, छात्र, डॉक्टरों, वाहन मालिकों से आह्वान किया है कि बंद को सफल बनायें।

# अंजुमन इस्लामिया ने मुख्यमंत्री से की द केरला स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची अंजुमन इस्लामिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फिल्म द केरल स्टोरी को राज्य में प्रतिबंधित करने की मांग की है। द केरल स्टोरी मूवी को लेकर देश भर में समर्थन व विरोध का दौर जारी है। भाजपा के नेता व उससे जुड़े संगठन लोगों को फिल्म देखने की अपील कर रहे हैं। दूसरी ओर विभिन्न पार्टियों के नेता इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। इसी कड़ी में अंजुमन के लीगल सेल के कंवीनर शाहिद अख्तर उर्फ टुकलू व अंजुमन के महासचिव डॉ. तारिक हसैन ने इस संबंध में सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर फिल्म द केरल स्टोरी को झारखंड में प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा कि यह फिल्म भाजपा के प्रोपेगंडा को बढ़ावा देती है। साथ ही साथ सामाजिक ताने-बाने को भी तहस-नहस कर रही है। पत्र में कहा गया है कि फिल्म झूठ से भरी हुई है। मुस्लिम समुदाय को खराब तरीके से चित्रित किया गया है। विशेष रूप से यह फिल्म




मुस्लिम युवाओं को बदनाम करती है। इस फिल्म में बताया गया है कि मुस्लिम युवक एक प्लान के तहत लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाते हैं, उनका धर्म परिवर्तन करवाते हैं और उन्हें आतंकी संगठनों से जोड़ते हैं। दरअसल फिल्म के जरिये भाजपा का सेट ऐजेंडा लव-जिहाद, धर्म परिवर्तन और मुस्लिम आतंकवाद का खुल कर प्रदर्शित किया गया है। यह फिल्म लोगों के दिल में मुसलमानों के खिलाफ नफरत पैदा करती है। जिसका असर मुस्लिमों के जीवन और आजीविका पर पड़ सकता है। लोग फिल्म की भ्रामक घटना को ही सच मान रहे हैं और मुस्लमानों के प्रति नफरत बढ़ा रहे हैं। कहीं न कहीं यह फिल्म राज्य और देश में शांति को भंग करती नजर आ रही है। द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल की तर्ज पर बैन लगाने की मांग जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी सीएम हेमंत सोरेन से बीते दिनों कर चुके हैं। इस संबंध में उन्होंने सीएम को पत्र लिख कर कहा था जानबूझकर भाजपा चुनाव से पहले इस तरह की मूवी रिलीज कर लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। इससे पहले द कश्मीर फाइल्स भी चुनाव से पहले रिलीज कर लोगों को बांटने का काम कर चुकी है। जिस प्रकार मूवी में कथित तौर पर केरल की हजारों लड़कियों की कहानी बता कर उनका ब्रेनवाश कर पहले धर्म परिवर्तन और फिर आतंकी बनाना दिखाया गया है, वो सरासर गलत है। केरल हाइकोर्ट ने कहानी के आंकड़ों को गलत ठहराया है।

# दुमका में अर्द्धनग्न हालत में मिली नाबालिग की लाश, प्रेम-प्रसंग का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका में रेल की पटरी पर 15 वर्षीय नाबालिग की लाश मिली है। लाश पर से कुछ कपड़े भी गायब थे, लाश पटरी पर अर्द्ध नग्न अवस्था में पड़ी थी। घटना दुमका के शिकारीपाड़ा में दुमका-रामपुरहाट रेलखंड इलाके में सिमलती गांव की है। लाश पोल संख्या 151 के पास मिली है। लाश मिलने के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

### नोटबुक से हुई नाबालिग की पहचान

लाश के पास से एक नोटबुक भी मिला है जिससे यह पता चल रहा है कि मृतक छात्रा नौंवी क्लास की छात्रा है। नोटबुक पर जिस स्कूल का नाम दर्ज है वह यहां से काफी दूर है। छात्रा यहां तक कैसे पहुंची यह बड़ा सवाल है। किशोरी अर्द्ध नग्न थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो संभव है कि नाबालिग बच्ची के साथ पहले बलात्कार हुआ हो उसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी है। लाश देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि घातक हथियार से सिर पर प्रहार किया गया है। इधर मामले की जांच कर रही शिकारीपाड़ा पुलिस का मानना है कि किशोरी का किसी के साथ प्रेम प्रसंग था और उस प्रेमी के साथ कोई विवाद हुआ होगा। विवाद होने के बाद उसने सिमलती के रेलवे लाइन में आकर खुदकुशी कर ली।

### पुलिस बता रही है प्रेम-प्रसंग का मामला

शिकारीपाड़ा पुलिस इसकी जांच कर रही है। थाना प्रभारी उमेश राम का कहना है कि यह मामला प्रेम-प्रसंग का हो सकता है। प्रेमी से किसी बात के विवाद के बाद मारपीट शुरू हुई और प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। लाश रेलवे पटरी पर इसलिए छोड़ दी ताकि इसे आत्महत्या साबित कर सके।

### परिजनों ने कहा, बड़ी साजिश

परिजन इसे बड़ी साजिश बता रहे हैं परिजनों का कहना है कि घर से घटना स्थल की दूरी काफी अधिक है। वह खुद नहीं गयी होगी। अगर आत्म हत्या करनी होती, तो घर के बगल से ही ट्रेन की पटरी गुजरी है। आखिर क्यों वह उतनी दूर जाती। परिजनों को पुलिस ने गुरुवार को सूचना देकर बताया। सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और शव की पहचान कर ली। मृतका दो बहन एवं एक भाई में सबसे छोटी थी। शिकारीपाड़ा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।

# रवि हत्याकांड: जिस लड़की से शादी होनेवाली थी, उसी ने रची साजिश

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। केरसई निवासी रवि कुमार की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि जिस युवती से रवि कुमार की शादी होने वाली थी उसी युवती ने हत्या की साजिश रची थी। कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कटहलटांड भुडपानी स्थित जंगल में पत्थर से कूचकर केरसई निवासी रवि की हत्या कर दी गयी थी। घटनास्थल से करीब 100 मीटर पर मृतक की बाइक भी बरामद हुई थी। मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।घटना के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गयी थी। तकनीकी डिपार्टमेंट के सहयोग से आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि रवि कुमार की शादी तोरपा थाना क्षेत्र के सोंदारी गांव निवासी गुडिया कुमारी से तय हुई थी। शादी 20 मई को होने वाली थी। लेकिन गुड़िया कुमारी पहले से ही किसी दूसरे लड़के से प्रेम करती थी। इसी वजह से मृतक रवि कुमार और गुड़िया कुमारी के बीच विवाद होता रहता था। गुड़िया कुमारी ने अपने प्रेमी आशुतोष साहू के साथ मिल कर रवि कुमार की हत्या कर दी। हत्या में शामिल सभी 4 आरोपियों गुडिया कुमारी, आशुतोष कुमार साहू, रौनक कुमार उपाध्याय और पीयूष कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No. 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 37.5 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.10 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# 10वीं में डीपीएस के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ कक्षा दसवीं की परीक्षा में आइपीएस प्रभात कुमार की बेटी पावनी कुमार 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डीपीएस रांची की टॉपर बनीं। वहीं अपनी मेधाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ दसवीं की परीक्षा 2023 में विद्यालय के गौरवशाली इतिहास में अपनी पहचान बनायी है।

परीक्षा में बैठने वाले 340 विद्यार्थियों में 90 ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। वहीं 174 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया जबकि 231 ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक और 64 ने विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय की टॉपर पावनी कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय डीपीएस रांची के शिक्षकों का मार्गदर्शन और विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों के सफलता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता यहां के शिक्षकों और छात्रों द्वारा किये गये निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी।

## आइपीएस प्रभात कुमार की बेटी 99.4 प्रतिशत लाकर डीपीएस की टॉपर बनी



## प्रसून परवार ने 99 प्रतिशत अंक लाकर डीपीएस का नाम रौशन किया



रांची (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ 10 वीं के जारी रिजल्ट में डीपीएस रांची के प्रसून परवार ने 99 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रौशन किया है। प्रसून के पिता उदय कुमार सिंह ने अपने बेटे की सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों के साथ बेटे की मेहनत को दिया है।

# सरला बिरला ने एआइएसएसइ-2023 में इतिहास रचा

## ऋत्विका खैतान 98.6 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर बनी

### राजदीप दास गुप्ता ने भी कॉमर्स स्ट्रीम में 96.8% अंक प्राप्त किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एआइएसएसइ - 2023 की 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। कॉमर्स स्ट्रीम में ऋत्विका खैतान ने 98.6% अंक प्राप्त किया। आयुषी गोपालका और अंजना प्रकाश ने 97.4 अंक हासिल किये। राजदीप दास गुप्ता ने भी कॉमर्स स्ट्रीम में 96.8% अंक प्राप्त किया। अनमोल जैन और वेदांश लखानी ने 96.2% अंक प्राप्त कर साइंस स्ट्रीम में टॉप किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 46 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किये तथा 428 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक लाकर सफलता की नयी ऊंचाइयों को छुआ। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के लिए किये गये प्रयास की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी और कहा कि यह उनके निरंतर और अथक प्रयास का ही परिणाम है। प्राचार्या परमजीत कौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने अपने निरंतर प्रयासों और समर्पण के कारण शानदार प्रदर्शन किया है, जिसे उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन और सकारात्मक सलाह का समर्थन मिला। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने अपने निरंतर प्रयासों और समर्पण के कारण शानदार प्रदर्शन किया है, जिसे उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन और सकारात्मक सलाह का समर्थन मिला। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एआइएसएसइ-2023 में सरला बिरला की छात्राओं ने परचम लहराया

# सक्षम गोयल 98.4% अंकों के साथ स्कूल टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने एआइएसएसइ-2023 की 10वीं की परीक्षा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल को गौरवान्वित किया है। सक्षम गोयल 98.4% अंक हासिल करके स्कूल टॉपर रहा। सुहानी सिंह ने 98.2%, अनिमेष राज ने 96.6% तथा आरुष भाटिया और सिमरन ने 96.4% अंक प्राप्त किये। कुल 77 छात्रों ने 90% से अधिक एग्रीगेट अंक प्राप्त किये और 591 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि चुनौतियों का सामना करते हुए छात्रों ने अत्यधिक परिश्रम के साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसका श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दिया। उन्होंने उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर- विद्यार्थियों के प्रदर्शन का पूरा श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और लगन को जाता है। मैं उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि होगी, व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे।

**वृष** बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, मनोनुकूल वातावरण रहेगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** नयी कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी, राज्यपक्ष के समर्थन से शत्रुपक्ष पर विजय मिलेगी।

**कर्क** सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल, धनलाभ होगा।

**सिंह** आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा, व्यापारिक लाभ।

**कन्या** विशिष्टजनों से संपर्क बढ़ेगा, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी।

**तुला** नौकरी एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** धन लाभ होगा. संयम, धैर्य, कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी।

**धनु** विद्या-प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा,सुख-साधनों की प्राप्ति,इच्छित सफलता मिलेगी।

**कुंभ** मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे, नये लोगों से संपर्क, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।

**मीन** कठिनाइयों पर विजय, गृह-भूमि-वाहन सुख, आकस्मिक धन लाभ, मान-सम्मान की वृद्धि होगी।

## सांसद निशिकांत दुबे को हाइकोर्ट से राहत

**रांची।** शुक्रवार को सचिवालय मार्च मामले में सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाइकोर्ट से राहत मिली है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। प्रार्थी निशिकात की और से उनके खिलाफ धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 12 जुलाई निर्धारित की है। पार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। बताते चलें कि बीते 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय की ओर मार्च कर रहे आजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गयी थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें सांसद निशिकांत दुबे के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल समीर उरांव सहित 41 नामजद और कई अजात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

## चुनाव की ड्यूटी में बाहर गये पुलिसकर्मियों को मिलेगी पांच दिन की छुट्टी

**रांची।** विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में राज्य से बाहर गये झारखंड सशस्त्र पुलिस के जवानों और पुलिस अधिकारियों को एक साथ पांच दिन का अनुमति अवकाश देने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ड्यूटी पर तैनात जैप और आइआरबी के 10इको कंपनी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को पांच दिन का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया गया है। इसे लेकर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृत कर दिया गया है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसइ 12वीं और 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वर्णनिमा मल्लिका टोप्पो बनी स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। शुक्रवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में स्वर्णनिमा मल्लिका टोप्पो ने कला संकाय में सर्वाधिक 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा में अंशिका शर्मा ने सर्वाधिक 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्वर्णनिमा मल्लिका टोप्पो को अंग्रेजी में 97 इतिहास में 98 राजनीति विज्ञान में 95 अर्थशास्त्र में 88, पेंटिंग में 98 और शारीरिक शिक्षा में 98 अंक प्राप्त हुए। वहीं वाणिज्य संकाय में त्रिदिशा सिकंदर ने 96.6 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 97, एकाउंटेंसी में 97, बीएसटी में 99, अर्थशास्त्र में 92, शारीरिक शिक्षा में 100 अंक प्राप्त हुए। विज्ञान संकाय में दिशा, अंकित साहू और अंजलि गौरव ने सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया।



शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों में त्रिदिशा सिकदर को बीएसटी में 100 अंक, शारीरिक शिक्षा में सिमरन कुमारी, आकृति राज, निशी प्रिया दहंगा और आयुश राज को 100 अंक प्राप्त हुए। इसके साथ ही वाणिज्य संकाय में आकृति राज को 96 प्रतिशत, प्रज्ञा केशरी को 95 प्रतिशत, आशीश राज को 93.6 प्रतिशत और प्रियांशी गुप्ता को 96.3 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। कला संकाय में सौम्यदीप दास को 95.6 प्रतिशत, अंजलि श्रीवास्तव को 93.8 प्रतिशत, माही कुमारी को 92.2 प्रतिशत और अपूर्वा प्रसाद को 92 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विज्ञान संकाय में सिमरन कुमारी को 95.8 प्रतिशत अंक और ऋतु राज को 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। 12वीं की परीक्षा में कुल 460 विद्यार्थियों में से 54 विद्यार्थियों को 90 या उससे अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय टॉपर रहे कक्षा 10वीं के अतुल आनंद को 97.6 प्रतिशत, सृजन राज गुप्ता को 97.4 प्रतिशत, सिद्धार्थ भारती को 96.8 प्रतिशत, ऋशभ कु. चौधरी को 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। कुल 281 विद्यार्थियों में से 79 विद्यार्थियों को 90 या उससे अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इसके साथ ही कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के अंशिका शर्मा को अंग्रेजी में 96, हिंदी में 95, गणित में 100, विज्ञान में 95, सामाजिक विज्ञान में 99 और कंप्यूटर में 100 अंक प्राप्त हुए। अतुल आनंद को अंग्रेजी में 94, संस्कृत में 97, गणित में 98, विज्ञान में 95, सामाजिक विज्ञान में 99 एवं कंप्यूटर में 99 अंक प्राप्त हुए। सृजन राज गुप्ता को अंग्रेजी में 96, संस्कृत में 98, गणित में 98, विज्ञान में 99, सामाजिक विज्ञान में 94 और कंप्यूटर में 96 अंक प्राप्त हुए। सिद्धार्थ भारती को अंग्रेजी में 99, हिंदी में 92, गणित में 99, विज्ञान में 96, सामाजिक विज्ञान में 87 और कंप्यूटर में 98 अंक प्राप्त हुए। ऋशभ कुमार चौधरी को अंग्रेजी में 94, हिंदी में 94, गणित में 99, विज्ञान में 98, सामाजिक विज्ञान में 79 और कंप्यूटर में 97 अंक प्राप्त हुए। शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों में अंशिका शर्मा को गणित में 100 अंक, कंप्यूटर में 100 अंक, सागनिक संतरा को कंप्यूटर में 100 अंक, श्रेया स्नेहा को कंप्यूटर 100 अंक और कुमार उत्कर्ष को सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता, सेक्रेटरी किरण मेहता और एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य राज किशोर शर्मा, उप प्राचार्य के आर झा और जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में और बेहतर करने का परामर्श भी दिया।

# डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

### मान्या गोयल 98.4 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को सीबीएसइ दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुए, जिसमें डीएवी हेहल रांची के छात्रों का दसवीं और बारहवीं के तीनों संकाय-विज्ञान, वाणिज्य और कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कक्षा दसवीं की परीक्षा में विद्यालय के 492 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 102 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 283 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक और 428 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। वहीं कक्षा बारहवीं की परीक्षा में विद्यालय के 655 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें



113 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 417 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक व 606 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। रसायन शास्त्र और गणित में जया कुमारी ने 99 अंक, रिद्धिमा शाह ने जीव विज्ञान में 98 अंक, आन्या सिन्हा ने भूगोल, इतिहास, राजनीति शास्त्र में 99 अंक, मान्या गोयल ने वाणिज्य में 100, बीएसटी में 99, फिजिकल एजुकेशन में 99 अंक, रोहित राज ने वाणिज्य में 100 अंक, केशव माधव ने फाइन आर्ट्स में 100अंक, आकांक्षा प्रिया ने फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

विद्यालय के ईशान कुमार ने गणित और सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, प्रिंस डे ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, अभिनव आनंद ने गणित में 100अंक, अभिनव कुमार सिंह ने संस्कृत में 100 अंक अर्जित किये हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन बीके सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एमके सिन्हा ने सभी का मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं देते हुए सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि यह सब शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग का परिणाम है। सभी सफल विद्यार्थी खुद पर विश्वास रखें और कड़ी मेहनत करें, अभी और उपलब्धियां आनी बाकी है। इसके साथ ही निदेशक जेपी सूर, चेयरमैन जेके कपूर और वाइस चेयरमैन प्रेम प्रकाश आर्य ने भी प्राचार्य, विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

# टेंडर हर्ट स्कूल का शानदार प्रदर्शन







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टेंडर हर्ट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्राचार्या उषा किरण झा ने बताया कि यह रिजल्ट विद्यालय का अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट है। 12वीं परीक्षा में शामिल कुल 264 परीक्षार्थियों में 82 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। जिसमें से साइंस में 59 और आर्ट्स में 23 बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं। सारे विषयों में अधिकतम प्राप्तांक 100 और 99 रहे। वहीं 10वीं के परीक्षाफल में अनिमेष झा और प्रियानी गुप्ता 98.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। परीक्षा में शामिल 348 परीक्षार्थियों में 122 को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा और सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। दीपांशु रंजन 97 प्रतिशत लाकर 12वी में स्कूल टॉपर बने। 12वीं साइंस में 59 और आर्ट्स में 23 बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक 10वीं में गणित में 46, साइंस में 38, अंग्रेजी में 26, सोशल साइंस में 12, संस्कृत में 56 और कंप्यूटर में 51 बच्चों ने 100 अंक प्राप्त किये। प्राचार्या ने सभी छात्रों, अभिवावकों और शिक्षकों को इस शानदार रिजल्ट के लिए ढेरों बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि इस सफलता में पूरे विद्यालय परिवार का सम्मिलित प्रयास रहा।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 61 dated 11.05.2023 I, **Raghunandan Kumar Rana** S/o **Banshi Rana**, aged about 32 years, by faith-Hindu, by profession-Business, Nationality-Indian, resident of Village-Pipradih, P.O.-Gumo Barwadih, P.S.-Jainagar, O.P.-Telaiya Dam, District-Koderma, State-Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am resident of the aforesaid address.
2. That my Aadhaar No. 3314 5672 2766.
3. That my father's name is **Banshi Rana**, mother's name is **Shohwa Devi** and Wife's name is Lalita Devi which is correct.
4. That my name mentioned in Passport is **Raghunandan Rana** but my hame mentioned in Aadhaar Card is **Raghunandan Kumar Rana.**
5. That mentioned in my family members name in Passport my father's name is Banshe Rana, mother's name is Sohge Devi Rana and Wife's name is Lalita Devi Rana which is wrong.
6. That above said in Passport my name **Raghunandan Rana** and my family member's name is **Banshe Rana, Sohge Devi Rana and Lalita Devi Rana** be deleted and on its place my name Raghunandan Kumar Rana and my family members name is father's name is **Banshi Rana,** mother's name is **Shohwa Devi** and Wife's name is **Lalita Devi** be inserted.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 मई, 2023
www.azadsipahi.in



# वीवीपीएस का बोर्ड परिक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वीवीपीएस रांची के छात्रों ने दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। दसवीं कक्षा के अंशु हुरद्वार 93.4, प्रीति कुमारी 92.4,और सृष्टि कुमारी 90.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर्स बने। इस वर्ष परीक्षा देने वाले 85 विद्यार्थियों में सभी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं अमन कुमार (99 - मैथमेटिक्स), अंशु हुरद्वार (95 - हिंदी ), अंशु हुरद्वार एवं प्रीति कुमारी (91 - इंग्लिश ), आकाश कुमार (95 - साइंस एवं सोशल साइंस ), तथा सृष्टि कुमारी (97 - आइटी ) ने भी सफलता का परचम लहराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने हर्ष के साथ कहा की सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं। साथ ही इस सफलता का श्रेय उन्होंने विद्यार्थिओं, अभिभावकों और शिक्षकों की मेहनत और लगन को दिया है।

**कक्षा बारहवीं का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन**

दसवीं के साथ ही सीबीएसइ बारहवीं के परिणामों में भी वीवीपीएस के छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस वर्ष बारहवीं में विद्यालय के 54 छात्रों (विज्ञानं - 34, वाणिज्य-20 ) ने परीक्षा दी, और विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम रहा। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर प्राची (97.2 %), द्वितीय स्थान पर अनुष्का त्रिपाठी (94.6 %) और शिवम कुमार सिंह (94.4%) तृतीय स्थान पर रहें। इनमें से प्राची को बिजनेस स्टडीज में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर स्वयम अग्रवाल (96 %), द्वितीय स्थान पर अमय अग्रवाल (95.4%) और तृतीय स्थान पर अचिन्त्य प्रेम (88.6 %) रहें। अन्य उत्कृष्ट अंकों को हासिल करने वालों में से प्राची (95 - इंग्लिश), स्वयम अग्रवाल (97 - फिजिक्स ), अमय अग्रवाल (97 - केमिस्ट्री), अचिन्त्य प्रेम (95 - बायोलॉजी ) स्वयं अग्रवाल और अमय अग्रवाल (98 - मैथमेटिक्स), तन्नु प्रिया सिंह (98 - फिजिकल एजुकेशन ), आयुष मिश्रा और निकिता (98 - पेंटिंग ), शुभजीत कर्माकर (93 - आईटी ), अनुष्का त्रिपाठी और प्राची (96 - एकाउटेंसी), प्राची (100 - बिजनेस स्टडीज), शिवम (99 - इकोनॉमिक्स) तथा प्राची (97.5 - बैंकिंग ) हैं। प्रधानाचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने सभी विद्यार्थिओं और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में तत्परता के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर रहने को कहा।

# जेवीएम श्यामली का शानदार प्रदर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेवीएम श्यामली के वाणिज्य संकाय की 12वीं परीक्षा के बिजनेस स्टडी में 96 प्रतिशत और इकोनॉमिक्स में 93 प्रतिशत अंक और कुल प्राप्तांक 90 प्रतिशत प्राप्त करनेवाली भाव्या सिंह अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता राजेश सिंह और माता स्मृति सिंह को देती हैं। पिता मेडिकल प्रोफेशन से और माता मेकॉन में कार्यरत हैं। भाव्या कैरियर के रूप में एमबीए का चयन करना चाहती हैं।

# शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजना, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, शिक्षकगण और समस्त शारदा ग्लोबल परिवार ने बारहवीं के द्वितीय बैच ( 2022 - 23 ) तथा विद्यालय के चतुर्थ बैच कक्षा दशवीं के



छात्रों की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने छात्रों को बधाई दी। बारहवीं कक्षा में (सत्र 2022 - 23 ) में 54 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें 54 छात्र प्रथम स्थान पर रहे।



# विकास पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल का परिणाम शत-प्रतिशत




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सत्र 2023 की वार्षिक परीक्षा में विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। नाजिया परवीन 91.6 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तस्नीन ऑफिया 86.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा जगदीश महतो 83% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किये। विद्यालय निदेशक संजय कुमार ने बेहतर परीक्षा फल परिणाम का श्रेय शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन, विद्यार्थियों का कठिन परिश्रम एवं अभिभावकों का सराहनीय सहयोग बताया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीएसीइ द्वारा जारी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2022 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में विज्ञान संकाय में कुल 108 तथा वाणिज्य संकाय में 60 विद्यार्थी शामिल हुए। विज्ञान संकाय में 104 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी प्राप्त किये। I आदर्श कुमार ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। आयुष राज ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर व कुमार अंशुमन ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर तथा बहन प्रीति कुमारी ने 90.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे टॉपर रहीं। विज्ञान संकाय में कुल 04 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 33 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी प्राप्त किये। दिव्या कुमारी ने 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय में विद्यालय टॉपर बनी। हर्ष शरण गुप्ता ने 84.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर तथा अतुल कुमार तिवारी ने 83.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे टॉपर रहे। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेवेन स्टारर्स एकेडमी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को सीबीएससीइ 12वीं बोर्ड का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सेवेन स्टार्स एकेडमी हेहल रांची के बच्चों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। यह विद्यालय का प्रथम बैच था, जिसमें बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किये। विद्यालय के हर्ष कुमार ने 84.4 प्रतिशत, तुलिका रानी ने 72.2 प्रतिशत जय प्रकाश उरांव ने 62 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक बी बैक, प्राचार्य डॉ बब्बन कुमार, उप प्राचार्य ऋतु प्रिया, इंचार्ज प्रफुल्ल कुमार बिड और सभी शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनायें दी हैं।

# दाहू यादव को पुलिस जानबूझकर गिरफ्तार नहीं कर रही है: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि इडी के अभियुक्त दाहू यादव को झारखंड पुलिस जानबूझकर गिरफ्तार नहीं कर रही है। श्री मरांडी ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा कि दाहू यादव ने चेतावनी दी है कि अगर वह पकड़ा गया, तो इडी के सामने साहिबगंज खनन घोटाले में शामिल सभी सरकारी और गैर सरकारी हिस्सेदारों के बारे में सबकुछ बता देगा। दाहू की चेतावनी से पुलिस और प्रशासन के उन अफसरों की सांस फूल रही है, जो उसके अपराध और काली कमाई के हिस्सेदार रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस ने दाहू की कुर्की-जब्ती की सिर्फ खानापूर्ति की। दाहू के व्हाइट हाउस, होटल और उसके कब्जे वाले विवादित मकानों समेत उसके दूसरी संपत्तियों को हाथ तक नहीं लगाया है। बाबूलाल ने कहा कि दाहू पुलिस की मदद से उन लोगों को भी परेशान कर रहा है, जो उसके खिलाफ इडी के गवाह बने हैं या फिर गवाहों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने डीजीपी और इडी से इस पर संज्ञान लेने की मांग की है।

## रांची सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से हर्निया का ऑपरेशन

रांची (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से लेप्रोस्कोपिक वेंट्रल हर्निया का आपरेशन किया गया। अस्पताल के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एक अंबिलिकल हर्निया के मरीज का दूरबीन विधि से आईपोम प्लस ऑपरेशन किया गया। यह एक एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मानी जाती है। इस सर्जरी में पेट के छेद को दो स्तर पर बंद किया जाता है, जिससे उसकी मजबूती काफी बढ़ जाती है और दोबारा हर्निया होने का खतरा ओपन विधि की तुलना में काफी कम होता है। इस ऑपरेशन के बाद मरीज बहुत जल्दी वापस अपने नियमित काम पर लौट सकता है और मरीज की छुट्टी भी जल्दी हो जाती है। चिकित्सकों की टीम में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास, सिस्टर सविता, सरिता, पूनम और ओटी असिस्टेंट सुशील, नीरज, मुकेश, मोहित, माधव सहित अन्य शामिल थे।

# पटेल पार्क के पास अपराधियों ने युवती को मारी गोली, मौत

## सरेशाम हुई घटना : नवादा की रहने वाली थी युवती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाइक सवार दो अपराधियों ने शुक्रवार की देर शाम अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पटेल पार्क स्थित हरमू नंद नगर में 20 वर्षीय युवती निवेदिता को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। हॉस्टल में रहने वाली युवती को तीन गोली मारने के बाद दोनों अपराधी फरार हो गये। आनन-फानन में युवती को रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी, युवती को चार गोली मारी गयी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।



**हॉस्टल में रह कर करती थी पढ़ाई, नवादा की रहनेवाली थी :** 20 वर्षीया निवेदिता बिहार के नवादा जिला की रहने वाली थी। वह पटेल चौक स्थित एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार की शाम को अपने हॉस्टल की तरफ लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उसे गोली मार दी। निवेदिता को गोली मारे जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत अरगोड़ा थाने को दी। मामले की जानकारी मिलते ही अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घायल युवती को अस्पताल भेजा। हालांकि, इलाज के क्रम में डॉक्टरों ने निवेदिता को मृत घोषित कर दिया। आशंका जतायी जा रही है कि प्रेम-प्रसंग को लेकर हुए विवाद में युवती की हत्या की गयी है।

# श्री शिवजी मंदिर की जमीन के जाली कागजात बनाकर बिक्री का प्रयास

**मंदिर समिति ने उपायुक्त से लगायी गुहार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के हेहल में स्थित श्री शिवजी मंदिर की जमीन के जाली कागजात बनाकर बिक्री का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर समिति ने इस संबंध में शुक्रवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को पत्र सौंपा है। इससे पहले भी मंदिर समिति के एएन सिंह की ओर से 2022 में रांची डीसी को पत्र दिया गया था। इस आवेदन में कहा गया है कि हेहल में श्री शिवजी मंदिर है। 2.82 एकड़ भूमि का दुर्गा प्रसाद कुंवरी द्वारा निबंधित दान पत्र है। यह जमीन 1950 में दान दी गयी थी। जिस पर श्री शिवजी महाराज मंदिर न्यास का दखल कब्जा भी है। लेकिन कुछ दिनों से जमीन कारोबारी। जाली कागजात बनाकर उसकी खरीद-बिक्री करने का प्रयास कर रहे हैं। मंदिर की संपत्ति पर विवाद उत्पन्न कर जबरन दखल कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। डीसी को दिये गये आवेदन में आग्रह किया गया है कि दाखिल खारिज व निबंधन के लिए आवेदन देने वालों पर भी कार्रवाई की जाये।

# विश्व नर्सिंग दिवस : जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज ओरमांझी में कार्यक्रम आयोजित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज ओरमांझी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज के प्रबंध निदेशक और भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार तथागत ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं जैनेंद्र तथागत ने कहा कि नर्सिंग सेवा स्वास्थ्य सेवा का रीढ़ है। छात्रों को नर्सिंग सेवा में चयन के लिए बधाई दी। कालेज के निदेशक प्रियांशु कुमार ने कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता का सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में अंचल, बिपिन, आकांक्षा, सुमित्रा ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संस्थान के शिक्षक कनक श्री गुप्ता, नीतीश कुमार सिंह, कंचन कुमारी, बालेश्वर महतो, दुर्गा देवी का सहयोग सराहनीय रहा।

## श्री शतचंडी महायज्ञ जागरण के साथ संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। श्री शतचंडी महायज्ञ शुक्रवार को रूपा शाहदेव का पैतृक परिसर, सर्ड कैंपस, ओटीसी मैदान में पूर्णाहुति सह जागरण के साथ संपन्न हो गया। ज्ञात हो कि श्री शतचंडी महायज्ञ 21 मार्च से 31 मार्च 2023 तक हुआ था। यह भव्य और ऐतिहासिक रहा और इस यज्ञ के सवा महीना के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूर्णाहुति होना तय हुआ था। 11 पाठ के साथ हवन कर संपन्न किया गया एवं कुंड भराई का संकल्प हुआ। तदोपरांत ब्राह्मण भोजन, कन्या पूजन एवं भंडारा हुआ। शाम से भवय जागरण का कार्यक्रम में बिहार की चंदन तिवारी के भजनों पर भक्त झूमे। वहीं उनकी पूरी टीम ने शमा बांध दिया, यह कार्यक्रम पहले की तरह एतिहासिक रहा। इस कार्यक्रम में श्री शतचंडी महायग की संरक्षिका रूपा शाहदेव के साथ में अध्यक्ष सुनील सिंह, कुमुद झा, राजेश साह, सुभाष लाल, मिथलेश केशरी, सतीश झा, विनोद सिंह, रमाकांत ओझा, बैजू सोनी, वीरेंद्र साहू, डॉ ऐके लाल, सतीश झा, गनिता झा, अरुण सिंह, रीता राय, नीलू सिन्हा, मीनाक्षी शाहदेव, मुन्ना जी, सिद्धार्थ, घनश्याम पांडेय, रवि रस्तोगी, रमाकांत गिरी, कृपाल साहू सहित पूरी कमेटी के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

**कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस रिम्स में मनाया गया**

# नर्स सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि विश्वास है: स्वास्थ्य मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुक्रवार को रिम्स सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का इस वर्ष का थीम आवर नर्सेज अवर फ्यूचर था। मौके पर मंत्री ने कहा कि नर्स सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि वह एक विश्वास है। कर्तव्य और सेवाभाव का एहसास है, जो आपके दुख के समय में अपने परिवार का होने का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा नर्सों का चयन हो सके ताकि मानवता की सेवा और अच्छे से हो सके। कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि नर्स अस्पताल में बीमार व्यक्ति का हौसला बढ़ाते हुए कभी बहन का रोल अदा करती हैं तो कभी बिल्कुल अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके मरीजों की सेवा मातृत्व वाले से भाव से करती हैं। इसलिए नर्सिंग सिर्फ एक नौकरी नहीं यह मानवता की सेवा है। कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, रिम्स निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद, रिम्स चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ, रिम्स उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, आइटीयूसी एशिया पैसिफिक, सिंगापुर से डॉ. एसएमएफ पाशा सहित रिम्स के वरीय ऑफिसर, नर्स और छात्र मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की दी शुभकामनाएं



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में हमेशा अभूतपूर्व योगदान देने वाले, समर्पण और सेवा की मिसाल देश के नर्स समूह को ढेरों शुभकामनाएं और जोहार।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 मई, 2023
www.azadsipahi.in
05

## सीबीएसइ के रिजल्ट में रामगढ़ के छात्रों का रहा जलवा

# 12वीं और 10वीं दोनों के रिजल्ट में लड़कों ने मारी बाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सीबीएसइ का रिजल्ट जारी हुआ तो रामगढ़ के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गयी। शुक्रवार को हर स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं की भीड़ यह बता रही थी कि उनकी मेहनत रंग लायी है। 12वीं और 10वीं के रिजल्ट में इस बार छात्रों ने बाजी मारी। वही, इस रिजल्ट में रामगढ़ जिले के लड़कों का दबदबा प्रथम स्थान पर बना रहा। 12वीं के रिजल्ट में बरकाकाना डीएवी के छात्र सचिन कांत झा 98.2, प्रतिशत अंक लाकर पहले स्थान पर रहा। उन्होंने मानविकी संकाय में यह अंक लाया है। वही, विज्ञान संकाय में प्रियांशु प्रियदर्शी 97 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय में आर्यन जायसवाल एवं दिक्षिता जैन ने 96 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है। मानविकी संकाय के सचिनकांत झा को इतिहास और पीएचई में सतप्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। विज्ञान संकाय के प्रियांशु प्रियदर्शी को गणित में सतप्रतिशत और वाणिज्य संकाय के आर्यन जायसवाल को एकाउंटेंसी में सतप्रतिशत अंक मिले है। डीएवी बरकाकाना के 114 छात्र-छात्राओं ने 12 वीं की परीक्षा में हिस्सा लिया था और वे सभी सफल रहे है। वहीं दसवीं की रिजल्ट में भी इसी विद्यालय के सिद्धार्थ अग्रवाल 97.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बने। मयंक ओझा ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि नमन कुमार झा और अनिष कुमार ने 96 प्रतिषत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।




### रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों का रहा बेहतर परफोर्मेंस

रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने भी इस परीक्षा में अपना परफोर्मेंस बेहतर किया है। दसवीं के रोशन कुमार ने 95.2 प्रतिशत, अजय राज ने 92 प्रतिशत, आर्यन कुमार और दिवांशु कुमार ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकरलाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य बरूण कुमार चैधरी ने छात्र को शुभकामनाएं दी है।

### श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल का रहा बेहतर प्रदर्शन

श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी 12 वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में सजल कुमार निराला ने 95 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में सोनाक्षी कुमारी ने 94 प्रतिशत, कला संकाय में आयुषी कुमारी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस विद्यालय से कुल 172 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिनमें 70 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्षन अंक प्राप्त किया है। वहीं, दसवीं की परीक्षा में आदर्श पाठक ने 93.6 प्रतिशत, सोनल कुमारी और विवेक कुमार ने 93.2 प्रतिशत, तनीषा और अक्षय आडी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस परीक्षा में 173 विद्यार्थि शामिल हुए थे। जिनमें 51 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्षन अंक प्राप्त किया है। गुरूद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय अध्यक्ष हरपाल सिंह आरोडा, उपाध्यक्ष परमीन्दर सिंह जस्सल, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

### श्रीकृष्ण विद्या मंदिर का रहा बेहतर प्रदर्शन

श्रीकृष्णा विद्या मंदिर स्कूल का प्रदर्शन भी इस रिजल्ट में अच्छा रहा है। 12 वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में सूरज कुमार ने 93 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में शिवांगी सिंह ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रहे है। विज्ञान संकाय में 81 और वाणिज्य संकाय में 41 बच्चों ने परीक्षा दी थी और वे सभी सफल रहे है। वहीं, दसवीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर आकांक्षा पाठक स्कूल टॉपर बनी है। दसवीं की परीक्षा में 107 बच्चों ने हिस्सा लिया था और वे सभी सफल रहे है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव बिमल किषोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

### केंद्रीय विद्यालय का भी परफोर्मेंस रहा अच्छा

केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने भी सीबीएसई की परीक्षा में बेहतर परफोर्मेंस किया है। 12 वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में खुशी कुमारी ने 81.2 प्रतिशत, मानविकी संकाय में दिक्षा गुप्ता ने 89 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। वहीं, दसवी की परीक्षा में अंकित कुमार ने 94 प्रतिशत, अनुशा पांडे ने 91 प्रतिशत और आदर्श कुमार ने 89.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## अब शशि शेखर ने माउंट लो बुचे ईस्ट में फहराया तिरंगा



**रांची।** शशि शेखर ने नेपाल स्थित माउंट लो बुचे ईस्ट में तिरंगा फहराया है। यह 6119 मीटर ( 20075 फीट ) ऊंची चोटी है,जो हिमालय पर्वत श्रृंखला की एक टेक्निकल चोटी है। शशि शेखर ने चढ़ाई बेस कैंप से शुरू कर हाईर कैंप तक की उसके बाद हाईर कैंप से लगातार चढ़ाई करते हुए चोटी पर तिरंगा फहराया। शशि शेखर का अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराना है और उसी की तैयारी करने के लिए उन्होंने माउंट लोबुचे की चढ़ाई की। शशि शेखर माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंच चुके और आगे कैंप 3 तक की रोटेशन पूरा कर बेसकैंप पर शिखर पर चढ़ने के लिए वेदर विंडो खुलने का इंतजार कर रहे है। शशि शेखर गोमिया विधायक डा.लंबोदर महतो के पुत्र हैं। इसके पूर्व शशि शेखर 19 हजार फीट पर स्थित माउंट मणिरंग के सम्मिट कैंप में भी तिरंगा फहरा चुके हैं। मणिरंग भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। इसकी कुल ऊंचाई 21631 फीट है।

## स्वस्थ रांची समृद्ध रांची मेगा हेल्थ कैंप के लिए किया आमंत्रित



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने शुक्रवार को शाम पांच बजे हिंदपीढ़ी वार्ड 23 के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर 14 मई को आयोजित होने वाले स्वस्थ रांची समृद्ध रांची मेगा हेल्थ कैंप का प्रचार-प्रसार कर लोगों को स्वास्थ्य शिविर में आने के लिए आमंत्रित किया। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के द्वारा 14 मई को पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक इदरीशिया तंजीम स्कूल, हिन्दपीढ़ी, रांची में स्वस्थ रांची समृद्ध रांची मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग, मानसिक रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मस्तिष्क रोग, नाक, कान, एवं गला रोग, हृदय रोग, यूरिन रोग विशेषज्ञ के प्रमुख डॉक्टर्स द्वारा मरीजों का हेल्थ चेकअप कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी जायेगी। प्रचार-प्रसार करने वालों में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह, अनुराग मिश्रा, पार्षद प्रत्याशी खालिद उमर, अमरजीत सिंह, आसिफ जियाउल, मोहसिन अहमद, खालिद, बेबी, नसरीन सोनी, लाडली, निखत, प्रवीण, अनवर, बाबला, मोहम्मद रफी, मोहम्मद अफरोज, मोहम्मद मजीद ,शमशेर,शहजाद, मास्टर सोनू, जमील, इमरान, हाफिजी, शाहिद, नसीम, महफूज, परवेज, मुजाहिद, मुमताज, नईम, बबलू, जइद, बबलू कुरैशी, असलम, मुस्तफा, रमीज, राजा आदि मौजूद रहे।

## जीवन से हार माननेवाले को ऊर्जावान बनाती है नर्सिंग सेवा : जीनत कौसर

### फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के सचिव जीनत कौसर उपस्थित हुए कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथिओं द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं केक काटकर किया गया। साथ ही साथ छात्रों द्वारा रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि नर्सो के बगैर हॉस्पिटल कि कल्पना नहीं की जा सकती है। नर्स के बेहतर ईलाज एवं सेवा से ही मरीज गंभीर से गंभीर बीमारीयों से निजात पाते हैं। हॉस्पिटल में डॉक्टर तो मरीजों का इलाज करते हैं। मगर मरीजों का सही देखभाल और सेवा अपने परिवार की तरह नर्स ही करते हैं। इसलिए मैं उन सभी छात्र एवं छात्राओं को संदेश देना चाहती हूं कि आप सभी अपने ऊपर गर्व करे की आप ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं, जहां लोगों का आंसू पोछने का मौका मिलता है। समारोह में मुख्य रूप से कॉलेज निदेशक डॉ शाहीन कौसर, डॉ नाजनीन कौसर, अबू नसर, प्राचार्या-प्रमिला बक्सला, सुधीर कुमार, जुली किस्कू, बिनीता खलखो, वर्षा कुमारी, माधुरी लिली, तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नर्सिंग समाजसेवा का सबसे महत्वपूर्ण एवं सार्थक विधा : प्रो गोपाल पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी-ए यूनिट ऑफ सरला बिरला यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिन के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है, जिसकी प्रारंभ अंतरराष्ट्रीय नर्सेज परिषद द्वारा 1953 में शुरू किया गया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सिंग समाजसेवा का सबसे महत्वपूर्ण एवं सार्थक विधा है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को नर्सिंग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का एक कंपटीशन रखा गया, जिसका प्रमुख विषय था कि अपशिष्ट पदार्थ का उपयोग करके उसकी उपयोगिता तय करना, जिसमें विद्यालय में प्रथम स्थान पर रेणुका एवं रीना, द्वितीय स्थान पर शिल्पा एवं चांदमुनि तथा तृतीय स्थान पर कविता और रोजलीन रही, जबकि शिक्षकों में विनीता कुजुर, क्रिस्टीना किस्कू, नम्रता टोपनो क्रमशः प्रथम द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने में कामयाब रहे। कोलाज कंपटीशन में छात्रा वर्ग में महिमा कुमारी एवं शिक्षक वर्ग में मर्लिन कुमारी विजेता रही। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीषा कुमारी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डॉ नीलिमा पाठक, डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी दंडिन, श्री हरि बाबू शुक्ला, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ सुबानी बारा, आशुतोष द्विवेदी संस्थान के ट्यूटर प्रफुल्ल बारजो, निरोलीन कुल्लू, प्रतिमा बिलुम, राखी कुमारी, शिल्पा कुमारी, अंजना मौजूद थे।

## जिला में अपराध इस कदर बढ़ा, व्यापारी दहशत में

# बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एसपी से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अपराध इस कदर बड़ा है कि व्यापारी दहशत में जी रहे हैं। इस मुद्दे को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने काफी गंभीरता से लिया है। चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को एसपी पियूष पांडे से मिला। उन लोगों ने एसपी से कहा कि रामगढ़ में बढ़ती अप्रत्याशित अपराधिक घटनाओं, एल आई सी ऑफिस के पास हुई लूट कांड, कोहिनूर ज्वेलर्स में हुई लूट कांड का उद्भेदन नहीं होने और शहर में पार्किंग की समस्या, जिला के थानों में आवेदनों की प्राप्ति रसीद नहीं देने से पूरे जिला में व्यापारी भयभीत होकर व्यापार कर रहे हैं। इससे निजात दिलाने, पेट्रोलिंग बढ़ाने आदि समस्याओं को लेकर वार्ता की। पुलिस अधीक्षक ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के पश्चात आश्वस्त किया कि बहुत जल्द दोनों कांडों का उद्भेदन पुलिस करेगी। साथ ही शहर में अपराधिक घटनाएं ना हो इसके लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने एवं अन्य सभी तरह के उपायों पर पुलिस प्रशासन तत्पर हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा एवं व्यापारी निर्भीक होकर अपना व्यापार करे। जिला पुलिस प्रशासन उनके साथ हर समय खड़ी है। प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानु, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, सह सचिव संतोष तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पोद्दार, गोपाल शर्मा, अमित साहू, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल उपस्थित थे।

## गिद्दी डीएवी 12 वीं परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** डीएवी गिद्दी के सीबीएसई 12वीं का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय से रिमिशा कुमारी तथा वाणिज्य संकाय से स्वेता कुमारी विद्यालय टॉपर रही। जैसा की विदित है हमारे विद्यालय से कुल 61 विद्यार्थियों ने परिक्षा में भाग लिया था जिसमे सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय से रिमिशा 92 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान हासिल की। द्वितीय स्थान पर आकाश कुमार 89 .6 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर एमडी सामी अंसारी 86 .6 प्रतिशत रहे। वाणिज्य संकाय से श्वेता कुमारी प्रथम स्थान 86 प्रतिशत पर रही। द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशः अंकित सिंह 77 .4 प्रतिशत तथा मयंक श्रीवास्तव 77 .2 प्रतिशत रहे। इनके उज्जवल भविष्य की कामना शिक्षक और शिक्षिका ने की है ।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा के दर्जनों छात्रो ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लाये फर्स्ट परिणाम



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा के दर्जनों छात्रो ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम लाकर स्कूल का नाम और टंडवा का गौरव को बढ़ाया है। शुक्रवार को परिणाम आने से शत प्रतिशत दर्जनों बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये है। अच्छे परिणाम आने से स्कुल संचालक, प्रधानाचार्य, शिक्षक और डीपीएस परिवार खुश है। संचालक राज कुमार साव ने बताया की टंडवा प्रखंड क्षेत्र का पहला दिन है, जिसका अपना मान्यता प्राप्त विद्यालय है, जिसमें पहली बार बच्चों ने टंडवा की डीपीएस के कोड पर अपना सीबीएसई बोर्ड परीक्षा लिखा और शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त कियें सारे बच्चों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए डीपीएस परिवारआभार प्रकट करती है बताया।

## साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल

**इटखोरी (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में इटखोरी के साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। स्कूल की रिया कुमारी 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम व निदेशक अशोक कुमार तथा प्राचार्य हरगोविंद तिवारी ने उन्हें शुभकामनाएं दी है प्राचार्य ने बताया है कि सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में इस वर्ष स्कूल से 18 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय की रिया कुमारी ने 93 प्रतिशत, प्रियांशु ने 86 प्रतिशत तथा ज्योति, अमित एवं ऋषिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। मालूम हो कि साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में पहली बार स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए थे।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आज



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पंचायत के नीचे धौड़ा में श्री श्री 1008 प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह भगवती काली मंडप जिर्णोद्धार शनिवार 13 मई को भव्य कलश यात्रा और मंडप प्रवेश के साथ आरंभ होगा। 14 मई को देवताओं का आव्हान और पूजन संपन्न होगा। 15 मई को पूजन, हवन के साथ पूणार्हुति की जायेगी। रात्रि में भक्तीमय जागरण का आयोजन किया जायेगा। वहीं 16 मई को यज्ञ समिति की ओर से महा भंडारे का आयोजन किया जायेगा। बताया गया कि महायज्ञ वाराणसी से आए आचार्यों मार्गदर्शन में संपन्न होगा। यजमान विकराल करमाली, काजो देवी, बागेश करमाली, ममता देवी, टिंकू करमाली, अंजू देवी, सूरज करमाली, संजोता देवी, राजेश करमाली, सुनीता देवी पूजा पर बैठेंगें। महायज्ञ को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष मुखिया अजय पासवान, सचिव आजाद भुईया, कोषाध्यक्ष संजीत राम (उपमुखिया), संरक्षक विकराल करमाली, बागेश करमाली, सदस्य राजेंद्र करमाली, शंकर करमाली, राम मूर्ति करमाली, सूरज करमाली, लाली करमाली, सन्नी करमाली, प्रेस करमाली, विनय कुमार, राज करमाली, निहाल साव, विवेक कुमार, चिंटू, बसंत करमाली, संतोष करमाली, अनीश करमाली, छोटू करमाली, प्रिंस करमाली सहित अन्य योगदान दे रहे हैं।

## मुखिया राकेश की अगुवाई में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू दक्षिणी पंचायत अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय चटनियां में शुक्रवार को मुखिया राकेश कुमार उर्फ रॉक की अगुवाई में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मौके पर जलसहिया रिजवाना खातून ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। वहीं, बच्चों को साफ-सफाई, जल स्वच्छता, आसपास के वातावरण की सफाई को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वही, मुखिया राकेश कुमार ने बच्चों को सफाई एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिये गए। मौके पर प्रधानाध्यापिका संजू देवी, अध्यापक काशीनाथ महतो, उप मुखिया मीना अग्रवाल, वार्ड सदस्य दीपू राणा, सीता देवी, अनिता देवी, रमेश चौधरी, अनिल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## कार्यालय में सुविधायुक्त टिफिन रूम का उद्घाटन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सहायक मंडल अभियंता कार्यालय बरकाकाना में नवनिर्मित टिफिन रूम का उद्घाटन समारोह आयोजित की गई।समारोह में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि सपना कुमारी ने फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। मौके पर सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद, ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन तथा केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा उपस्थित रहे। उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि वर्तमान सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद द्वारा टिफिन रूम की व्यवस्था करना यह साबित करता है कि वो अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति असीम प्यार और लगाव रखते हैं। कर्मचारियों की इस छोटी सी आवश्यकता को उपलब्ध कराने के लिए फंड की की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। उन्होंने उपस्थित ईसीआरकेयू के प्रतिनिधियों, रेलकर्मियों और एजेंसी के लोगों को इस कार्य में सहयोग करने के लिए अपना आभार प्रकट किया। कार्यालय में टिफिन रूम में खाने का टेबल, कुर्सियां, शुद्ध पेयजल के लिए एक्वा गार्ड तथा वाशरूम की भी व्यवस्था कराई गई है। मौके पर ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, उपाध्यक्ष डी के मौईत्रा, सरजू प्रसाद,वरीय अनुभाग अभियंता कार्य रमेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक शम्भू सरकार,अशोक कुमार, रीना कुमारी, सबिता तिवारी,आर के प्रसाद, अशर्फी प्रसाद सहित दर्जनों रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# खत्म हुई अनिश्चितता

शिवसेना में पिछले साल हुई फूट और उसके बाद राज्य में बनी नयी सरकार को लेकर गुरुवार को आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जिन लोगों ने किसी बड़े राजनीतिक उलटफेर की उम्मीद लगा रखी थी, उन्हें जरूर थोड़ी निराशा हुई होगी, लेकिन संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूती देने के लिहाज से यह बेहद महत्वपूर्ण फैसला है। सीजेआई की अगुआई वाली संविधान पीठ ने पिछली उद्धव ठाकरे सरकार की बहाली का आदेश भले ही न दिया हो, लेकिन यह स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं छोड़ी कि विधानसभा में बहुमत परीक्षण कराने का तत्कालीन राज्यपाल का फैसला गलत था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि न तो संविधान और न ही कानून राज्यपाल को यह शक्ति देता है कि वह विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच या किसी खास दल के अंदर उभरे विवादों को निपटाने में कोई भूमिका निभाये। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्यपाल ने जितने भी इनपुट पर भरोसा किया, उनमें से कोई भी यह नहीं बताता कि असंतुष्ट विधायक सरकार से समर्थन वापस लेना चाहते थे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर वह पिछली सरकार को बहाल करने का आदेश नहीं दे पा रहा तो सिर्फ इसलिए क्योंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विश्वास मत का सामना करने से पहले ही खुद इस्तीफा दे दिया था। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में शिंदे गुट समर्थित एक विधायक को शिवसेना का विप नियुक्त करने के फैसले को भी गैरकानूनी करार दिया। इस मामले में कोर्ट का यह स्पष्टीकरण आगे भी पीठासीन अधिकारियों का मार्गदर्शन करेगा कि विप की नियुक्ति विधायक दल के नहीं, पार्टी के अधिकार क्षेत्र की बात है। अपने दायरे का पूरा सम्मान करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की पात्रता का फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया। जाहिर है, इसके बाद मौजूदा शिंदे सरकार के अस्तित्व पर मंडरा रहे जिस संकट की पिछले कई दिनों से महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों में चर्चा थी, वह टल गया है। एक लिहाज से यह विपक्षी महाविकास गठबंधन के लिए भी राहत की बात है। जिस कथित संकट के कारण एनसीपी में फूट की आशंका जतायी जा रही थी, वह संकट नहीं रहा तो अब सरकार बचाये रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत भी नहीं रही। इस पूरे प्रकरण में यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि भले कोर्ट ने अपने फैसले में यह बात कही नहीं हो, लेकिन जब गवर्नर का फ्लोर टेस्ट कराने का फैसला अवैध साबित हो गया, तो उसकी वजह से बनी सरकार की वैधता कैसे बरकरार मानी जा सकती है। उद्धव ठाकरे ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग कर यही संकेत दिया है कि वह इस आधार पर मौजूदा सरकार को घेरते रहेंगे, लेकिन बीजेपी और शिंदे गुट की मुख्य चिंता उनकी यह मांग नहीं, बल्कि 2024 के चुनावों में विपक्षी गठबंधन की ओर से मिलने वाली चुनौती होगी।

**जाहिर है, इसके बाद मौजूदा शिंदे सरकार के अस्तित्व पर मंडरा रहे जिस संकट की पिछले कई दिनों से महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों में चर्चा थी, वह टल गया है। एक लिहाज से यह विपक्षी महाविकास गठबंधन के लिए भी राहत की बात है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यह ध्यान देने योग्य बात है कि राजनीतिक गिरफ्तारी पाकिस्तान में एक विवादास्पद मुद्दा है और कई राजनेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार पर असहमति और विरोध को शांत करने के लिए गिरफ्तारी और कारावास का उपयोग करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस बार फर्क यह है कि प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी सेना के जनरल हैडक्वार्टर के साथ-साथ स्थानीय कमांडर के आवास पर भी हमला किया है।**

# भारत के लिए लोकतांत्रिक और स्थिर पाकिस्तान अत्यंत महत्वपूर्ण

विपिन पब्बी

पाकिस्तान एक बार फिर संकट के घेरे में है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी, फिर रिहाई जो पिछले कुछ महीनों में निकट दिखायी दे रही थी, ने पूरे देश में विरोध प्रदर्शन शुरू करवा दिया है। यह पहली बार नहीं है कि देश के किसी पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार किया गया। कम से कम 4 अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों का भी यही हश्र हुआ था। इनमें 3 बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, जिन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में कई बार गिरफ्तार किया गया था, दो बार की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो जिनकी बाद में हत्या कर दी गई थी, यूसुफ रजा गिलानी और शाहिद खाकान अब्बासी शामिल हैं।

यह ध्यान देने योग्य बात है कि राजनीतिक गिरफ्तारी पाकिस्तान में एक विवादास्पद मुद्दा है और कई राजनेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार पर असहमति और विरोध को शांत करने के लिए गिरफ्तारी और कारावास का उपयोग करने का आरोप लगाया है। हालांकि इस बार फर्क यह है कि प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी सेना के जनरल हेडक्वार्टर के साथ-साथ स्थानीय कमांडर के आवास पर भी हमला किया है। आज तक प्रदर्शनकारियों ने कभी भी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया था लेकिन इस बार का हमला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि इमरान खान पाकिस्तान की राजनीति में सेना के शामिल होने के खिलाफ खुल कर बात करते रहे हैं। विडम्बना यह रही है कि उन्हें भी सेना की मदद से देश का प्रधानमंत्री बनाया गया था। उनकी पार्टी बहुमत के निशान से थोड़ी कम हो गई थी लेकिन सेना ने सुनिश्चित किया है कि उन्हें छोटे क्षेत्रीय दलों से पर्याप्त समर्थन मिले। बाद में इमरान ने सेना के नेतृत्व के साथ मतभेद विकसित किए और अपनी लोकप्रियता में विश्वास करने लगे।

**1958 में अयूब खान के पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के साथ पाकिस्तान का एक उतार-चढ़ाव भरा राजनीतिक इतिहास रहा है।**



भारत के लिए एक लोकतांत्रिक और स्थिर पाकिस्तान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कश्मीर की कड़ाही को उबलता रखने में सेना का अपना निहित स्वार्थ है। एक अस्थिर पाकिस्तान भारत के लिए हमेशा बुरी खबर है क्योंकि यह विभिन्न एजैंसियों को ध्यान हटाने के लिए प्रेरित करता है और इस प्रक्रिया में यह औसत भारतीय और पाकिस्तानी नागरिक हैं जो पीड़ित हैं और भारतीय सुरक्षा बलों को सतर्क रहना पड़ता है।

इमरान ने सेना की कुछ सिफारिशों को अवरुद्ध किया जिसमें इसकी खुफिया शाखा आई.एस.आई. के प्रमुख भी शामिल थे। इसके बाद तत्कालीन सैन्य प्रतिष्ठान की सक्रिय भागीदारी से उन्हें कार्यालय से बाहर कर दिया गया था। तब से देश भर में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं और देश के आंतरिक मामलों में दखल देने के लिए एक विदेशी शक्ति, जाहिर तौर पर अमरीका पर आरोप लग रहे हैं।

1958 में अयूब खान के पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के साथ पाकिस्तान का एक उतार-चढ़ाव भरा राजनीतिक इतिहास रहा है। पाकिस्तान ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने 75 वर्षों के अस्तित्व में से करीब 33 वर्षों तक सेना द्वारा शासन किया है। इस अवधि में 25 से अधिक प्रधानमंत्री भी देखे गए और उनमें से कोई भी 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है। ऐसा माना जाता है कि पाकिस्तान सेना के समर्थन के बिना देश में कोई भी असैन्य सरकार टिक नहीं सकती है।वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी उसी सेना का समर्थन प्राप्त है जिसने सक्रिय रूप से इमरान खान को सत्ता से हटाने की योजना बनायी थी। भारत के नजरिए से इसका मतलब अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर अनियमितताओं का एक और चरण होगा। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सीमा पर स्थिति में स्पष्ट सुधार हुआ है। सीमा पर गोलाबारी की घटनाओं में भारी कमी आई है और साथ ही सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ में भी कमी देखी गई है।

जाहिर तौर पर पाकिस्तानी सेना के सुझाव पर करतारपुर साहिब कॉरीडोर के खुलने से भी दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार हुआ था। हालांकि दोनों देश शांत लहरों का आदान-प्रदान कर रहे थे। अपने पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी की यात्रा के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के हालिया बयान को भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ अपनी स्थिति को मजबूत करने के रूप में देखा जा सकता है।

भारत के लिए एक लोकतांत्रिक और स्थिर पाकिस्तान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कश्मीर की कड़ाही को उबलता रखने में सेना का अपना निहित स्वार्थ है। एक अस्थिर पाकिस्तान भारत के लिए हमेशा बुरी खबर है क्योंकि यह विभिन्न एजैंसियों को ध्यान हटाने के लिए प्रेरित करता है और इस प्रक्रिया में यह औसत भारतीय और पाकिस्तानी नागरिक हैं जो पीड़ित हैं और भारतीय सुरक्षा बलों को सतर्क रहना पड़ता है।

पाकिस्तान खाद्य और अन्य उत्पादों की भारी कमी के साथ अपने सबसे खराब आ?थक संकट से जूझ रहा है। गेहूं के आटे जैसी बुनियादी जरूरतों की चीजों की बिक्री और वितरण को लेकर भी दंगे हुए हैं। पैट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है। पाकिस्तान में एक लीटर पैट्रोल की कीमत स्थानीय मुद्रा में 285 रुपए तक पहुंच गई है। देश 40 मिलियन अमरीकी डॉलर के कर्ज के बोझ के तले दबा हुआ है और यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष भी इसे और अधिक धन उधार देने में संकोच कर रहा है। यह अपने नागरिकों का ध्यान हटाने के तरीके के बारे में सोच सकता है और भारत सबसे संभावित लक्ष्य हो सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# आदिवासी प्लस टू हाइस्कूल की प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** बांगुड़दा में आदिवासी प्लस टू हाइस्कूल के सभागार में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को विश्वनाथ माझी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए।

बैठक में विद्यालय विकास औरं छात्र कोष में जमा हुए राशि को छात्र हित में सदुपयोग करने के लिए चर्चा की गई। मौके पर विधायक सह समिति के अध्यक्ष मंगल कालिंदी ने विद्यालय के विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में लाइब्रेरी, विज्ञान और भूगोल प्रोयोगशाला का निर्माण, वाटर प्यूरिफायर और डाटा एंट्री कार्य हेतु 2 लैपटॉप खरीदने का स्वीकृत विधायक के द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विवेकानंद दरीपा, सुजीत कुमार सेठ, रथुनाथ महतो, वकील राम, राजू सिंह, रविन्द्र कुमार रवि, स्वेता महतो, प्राण कृष्ण कुंभकार, राजीव मंडल,सुब्रत कुमार भुई, जेई एम खान, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार,महावीर महतो और अश्विनी महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संगम बिहार कॉलोनी में पार्किंग का विवाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत कैन्दुगाझ के समीप संगम बिहार कॉलोनी में पार्किंग को लेकर दो युवक वापस में भीड़ गये। मारपीट में अनूप सिंह बुरी तरह घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अहले सुबह अजीत सिंह और अनूप सिंह में पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। उससे पूर्व अनूप सिंह अपने घर आये अजीत सिंह को बैठने को भी कहा लेकिन अजीत सिंह लोहे का रॉड से अनूप सिंह के सर पर हमला कर दिया। फिलहाल घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं युवक के परिजनों ने थाना में लिखित शिकायत की। मौके पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# श्रीराम डिवाइन अकादमी गम्हरिया का अच्छा प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित मैट्रिक का सत्र 2022-23 में आयोजित परीक्षा मे श्रीराम डिवाइन अकादमी गम्हरिया का 124 छात्र सम्मिलित हये थे। जिसमें से 22 छात्र - छात्राओं ने 80% से 90% के मध्य अंक प्राप्त किए। जबकि 60% से 79 % अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 88 है। शेष 14 छात्र 50 से 59% के मध्य अंक प्राप्त किए हैं। छात्र - छात्राओं के बेहतरीन प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती वंदना सिंह राय औरं निदेशक श्रीराम यादव तथा सभी शिक्षक- शिक्षिका ने आपार खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।


सुभष्मीता मिश्रा 90%
विनय कुमार 89%
आकाश कुमार 85%

# सरयू बोले, मानहानि का आरोप लगाने वालों का मान कितना

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, हेमंत सरकार, भारतीय जनता पार्टी और हेमंत के सरकार के पहले की सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वह एक आरोप पत्र तैयार कर रहे हैं। जिसमें विस्तार से जानकारी होगी। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के मानहानि के मुकदमे पर कहा मैंने वो नोटिस कचड़े में फेंक दिया है। वह कूड़ेदान में रखने लायक है। उनके वकील चाईबासा गये हैं, मैं आमंत्रित करता हूं उनके माध्यम से यह अवसर मिलेगा कि मैं यह साबित कर सकूं कि उनका मान सम्मान कितना है। किसी की संपत्ति दस करोड़ की हो सकती है, लेकिन उसकी संपत्ति से उनका



मान नहीं आका जा सकता है हो सकता है, उसका सम्मान दस रुपए का भी ना हो।

**वकील वकालत करें प्रवक्ता ना बने**

मैं कोर्ट से जानना चाहूंगा ऐसा क्या मान है जिसका मैंने हनन किया है। वकील बहस के लिए हैं, नोटिस के लिए हैं अगर वकील प्रवक्ता बन जायेंगे तो उनके आचरण के आधार पर सही नहीं है। वकील को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए। इस मामले में कई जगह हैं जहां शिकायत की जा सकती है, बॉर एसोसिएशन भी है।

वायरल वीडियो पर अब तक क्या हुआ प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरयू राय ने वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा, महिला की सुरक्षा पर पुलिस को ध्यान देना चाहिए। यह मामला राजनीतिक नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने इसे राजनीतिक बताया है यह राजनीतिक नहीं यह आपराधिक और सामाजिक है। उनके पास जो हथियार हैं वह प्रतिबंधित है, आर्म्स एक्ट का सेक्शन सात यही कहता है। सेक्शन 25 कहता है ऐसा हथियार रखने वाले को सात साल से लेकर 14 साल की सजा हो सकती है।

# पुरेंद्र का प्रयास लाया रंग, रोड नंबर 18 का 10 दिन से खराब डीप बोरिंग चालू

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम वार्ड नंबर- 32 स्थित रोड नंबर- 18 का डीप बोरिंग पिछले 10 दिनों से खराब हो जाने के कारण बंद पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला। रोड नंबर 17-18 के लोग पिछले 10 दिन से पेयजल को लेकर परेशान थे। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह से मुलाकात की। उन्हें पेयजल की समस्या से अवगत कराया।



पुरेंद्र नारायण सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर निगम के कनीय अभियंता रितेश कुमार से दूरभाष पर संपर्क कर रोड नंबर 18 का डीप बोरिंग अभिलंब बनाए जाने की मांग की। कनीय अभियंता ने संवेदक को 48 घंटे के अंदर डीप बोरिंग चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया डीप बोरिंग बनने तक प्रतिदिन टैंकर से रोड नंबर 17-18 में जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पूर्व में पुरेंद्र नारायण सिंह ने पार्षद कार्यकाल में अपने प्रयास से आदित्यपुर नगर निगम में पहली बार रोड नंबर 17-18 एवं रोड नंबर 15- 16 में पाइपलाइन सहित डीप बोरिंग करवा कर घर- घर पानी पहुंचाने का काम किया था। उधर पूर्व उपाध्यक्ष के पहल पर पिछले 10 दिनों से खराब डीप बोरिंग को बनाने का काम संवेदक द्वारा प्रारंभ कर दिया गया। सभी लोहे के पाइप को निकालकर मोटर को सर्विसिंग के लिए भेजा गया था। शुक्रवार शाम लोहे के पाइप की जगह पीवीसी पाइप और मोटर लगाकर डीप बोरिंग चालू कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने खुश होकर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, नगर निगम के प्रशासक गिरजा शंकर प्रसादऔर कनीय अभियंता रितेश कुमार के प्रति आभार प्रकट की।

# झारखंड राज्य जनसेवक संघ का अनिश्चितकालीन धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला समाहरणालय के समक्ष झारखंड राज्य जन सेवक संघ के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की शुरुआत की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि जनसेवक स्वर्ग के 11 सूत्री लंबित मांगों से भवदिय एवं कृषि विभाग को पुनः अवगत कराने के लिए उक्त धरना कार्यक्रम किया गया है। झारखंड के सभी 24 जिलों के हजारों जनसेवकों और संघ के सभी जिला और प्रांतीय प्रतिनिधियों के द्वारा धरना प्रदर्शन में भाग लिया गया है। झारखंड सरकार के सकारात्मक रुख के बावजूद भी अब तक जन सेवकों की वर्षों से लंबित मांगों पर कृषि विभाग का रुख निराशाजनक है। इस कारण जन सेवक स्वर्ग में काफी रोष व्याप्त है। सभी ने धरना के दौरान पुनः एक बार एक स्वर में जन सेवकों की लंबित मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग कृषि विभाग से की है। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में राज्य के जनसेवक भविष्य में संघर्ष करने और अंततः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। जिसकी पूरी जिम्मेवारी कृषि विभाग एवं भावदिय का है। इस मौके पर शाहिद अंसारी रंजन कुमार दुबे अजीत कुमार सिंह प्रशांत मिश्रा बसंत पांडे भागीरथी रवि राजेश कुमार ज्ञानेंद्र कुमार दीपक चंचल श्रीकांत उपाध्याय ब्रजभूषण पांडे चंद्र किशोर शाह दिलीप कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता

# दिमागी विकास के लिए दमदार खेल है शतरंज : एमपी केशरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल के नवनिर्मित सभागार में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकूर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन के पश्चात मां सरस्वती के फोटो पर पुष्प अर्पित कर किया गया प्रशाल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते निदेशक ने कहा कि वैसे तो हम सब बहुत से खेल जानते हैं और खेलते आये हैं, परंतु शतरंज एक ऐसा खेल है, जिसे हर आयु के और क्षेत्र के लोग बड़े रुचि साथ खेलते आये हैं। अपने अपने हाउस में विजेता के रूप में आयुष कुमार (8), वरण्यम पटवा, नेमत खान तथा प्रितम दुबे रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, मुकेश भारती, दीपक कुमार, अजय कुमार, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, सरिता' दूबे, निलम कुमारी, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाहिन शिवानी कुमारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद अदि भूमिका रही, जबकि खेल का संचालन खेल शिक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन में हुआ।

# गौरव का पल राहुल ने जीता राज्यस्तरीय फोटोग्राफी कंपटीशन, सीएम हेमंत ने दिया 75000 रुपये का चेक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में भवनाथपुर ढेकुलिया के राहुल को उत्कृष्ट वीडियोग्राफी करने को लेकर 75 हजार रुपये का चेक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा दिया गया। खरौंधी निवासी जय प्रकाश श्रीवास्तक के पुत्र राहुल कुमार फिलहाल भवनाथपुर में अपनी मामी मुखिया बेबी देवी के घर रहकर पढ़ाई करता है। राहुल ने ने बताया कि पर्यटन विभाग के द्वारा जनवरी माह में विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित किया गया था मेरा मेरा वीडियो ग्राफी प्रतियोगिता प्राकृतिक सुंदरता और परिदृश्य की क्षेणी में था। प्रतियोगिता में चयन लाइक्स एवं व्यूज के माध्यम से था, इसकी रजिस्ट्रेशन झारखंड पर्यटन के ऑफिसियल वेबसाइट पर करना था। राहुल कुमार ने अपने सफलता का श्रेय अपने पूरे परिवार को दिया कहा कि मेरा पूरा परिवार वीडियोग्राफी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मेरा सहयोग किया है वहीं झारखंड पर्यटन विभाग को प्रतियोगिता कराने के लिए धन्यवाद दिया। राहुल कुमार ने कहा हमारा झारखंड काफी सुंदर है, झारखंड सरकार इस तरह के कॉन्टेस्ट से लोगों को और प्रोत्साहित कर रही है।

# गोपीनाथ सिंह बीएड कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सड़क सुरक्षा टीम ने कालेज के विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जायें तो भविष्य उज्जवल हो सकती है इसके साथ हिट एंड रन एवं गुड समरिटन के बारे में बतलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा मैनेजर गढ़वा संजय बैठा, नीरज पांडे, शिक्षक अन्य शामिल थे।

# संगवरिया की बेटी ने 94.2% अंक लाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत संगवरिया गांव निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य सह गढ़वा विधान सभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी विरेंद्र प्रसाद की पुत्री अंशिका गुप्ता ने सीबीएसइ बोर्ड में 94.2% अंक प्राप्त कर गांव के साथ जिले का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर परीक्षा परिणाम से जवाहर विद्या मंदिर श्यामली रांची के इंटर कला की छात्रा अंशिका गुप्ता के चेहरे खिल उठे, तो वहीं उनके परिवार में खुशी का माहौल है। अंशिका के सफलता पर परिवार के सदस्यों ने मिठाई खिला कर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंशिका ने अपने इस सफलता का श्रेय अपनी नानी सुषमा गुप्ता, मां तरहसी उच्च विद्यालय की क्षिक्षिका श्वेता गुप्ता एवं पिता वीरेंद्र प्रसाद के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक गण को देते हुए कहा कि मेरी बचपन से भारतीय प्रशानिक सेवा मे जाने का सपना है।

## नवजात को बीच बाजार में फेंका

**भवनाथपुर।** एक कलयुगी मां ने मां की ममता को शर्मसार किया। लोक लाज की डर से गर्भपात कर नवजात को बीच बाजार फेंका। यक वाक्या शुक्रवार दोपहर 12 बजे की है, जब मुख्य बाजार स्थित स्व. एनके सिंह के खाली पड़े जमीन में कूड़ा कचरा चुनने पहुंचे कुछ बच्चों ने वहां गर्भपात कर नवजात बच्चे का शव फेंका हुआ पाया। इसके बाद उनलोगों ने इसकी जानकारी आस पास रहने वाले लोगों को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर भवनाथपुर थाना के एसआइ कुंदन कुमार एवं सहदेव कुमार साह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे तथा लोगों से जानकारी लेते हुए उक्त नवजात की शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा।

## मुखिया ने पीसीसी पथ की रखी आधारशिला



**केतार (आजाद सिपाही)।** मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ के समीप पंडितपुरा गांव में केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को 15वें वित्त मद से दो लाख 49 हजार रुपये की लागत से पीसीसी पथ का आधारशिला रखी। सर्वप्रथम मां चतुभुर्जी की पूजा अर्चना के पश्चात पंडितपुरा गांव के बुजुर्ग के हाथों से नारियल तोड़ कर कार्यक्रम की शुरुआत कराया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि विगत एक दशक पूर्व से पंडितपुरा गांव के ग्रामीणों द्वारा सड़क की मांग की जा रही थी। जो मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ के समीप होने से यह पीसीसी पथ महत्वपूर्ण भी था। अब पीसीसी पथ बनने से गांव के लोगों को राहत मिलेगी। इस गांव के लोग सीधे मंदिर मुख्य सड़क तक पहुंच सकेंगे। इस मौके पर उपमुखिया संजय पाल, वार्ड सदस्य रंभा देवी, शिवदत्त मेहता, उपेंद्र बैठा, कामेश्वर साह, सोमनाथ महतो, राजेश्वर साह,नरेश साह, विरेंद्र मेहता, आदित्य मेहता, रामाश्रय मेहता, सनेश मेहता, अंबिका मेहता, श्याम सुंदर प्रसाद, दिलीप बैठा, उपेंद्र बैठा, अरबिंद बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कैंसर रोगियों के लिए मुफ्त ओपीडी सेवा की सुविधा : डॉ निशांत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ निशांत ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि उनके अस्पताल द्वारा चलाये जा रहे कैंसर मुक्त अभियान में सहभागी बनें और जिले को कैंसर मुक्त करने में अपनी सहभागिता प्रदान करें। डॉक्टर निशांत ने यह बताया कि यह बताया कि जिले में कैंसर रोगियों के लिए निशुल्क कैंसर ओपीडी सेवाएं परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे रविवार को सुबह दस से अपराह्न एक तक रहेगा। 14 मई को पुनः कैंसर क्लीनिक के अंतर्गत निशुल्क सेवाएं दी जायेंगी। शहर के चिनिया रोड स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर एवं मुंबई कैंसर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कैंसर क्लीनिक ओपीडी की सेवा विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा दी जायेगी। शिविर में डॉक्टर गुंजेश कुमार सिंह, डॉक्टर सुरेश एम, डॉक्टर सुमेधा गर्ग , डॉक्टर मदम पी गुप्ता एवं डॉक्टर प्रिंस कुमार गुप्ता के द्वारा मरीजों को देखा जायेगा। उक्त जानकारी परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर कुमार निशांत सिंह गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में दिया। कैंसर के लक्षण के बारे में जानकारी जरूरी है जैसे ,लंबे समय से भूख न लगना, अप्रत्याशित वजन की कमी होना, शरीर के किसी भी भाग से रक्त स्राव का होना, शरीर किसी भी भाग में गांठ का होना, वैसे घाव या अल्सर जो काफी लंबे समय से ठीक ना हो रहे हो, जॉन्डिस जो लंबे समय से है। उन्होंने बताया कि 93345 51102, 83402 65704 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## शहंशाहे बतहा कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**धुरकी, गढ़वा (आदाग सिपाही)।** धुरकी प्रखंड अंतर्गत खुटिया में गुरुवार को रात्रि में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहंशाहे बतहा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें बतौर इस कार्यक्रम में क्षेत्र के आसपास सहित अन्य राज्य से आये हुए उर्दू भाषा के मशहूर शायर अपना अपना एक से एक नात शरीफ पढ़कर सुनाया। इस मौके मुफ्ती रौशन रजा मिसबाही अजहरी ने बताया कि इलम इस जिंदगी में मुसलमानों के लिए बहुत जरूरी है कि हर मुसलमान इलम का पालन करे अपने जिंदगी में अल्लाह का दिये हुए मार्गदर्शन पर चलें। नमाज पढ़ें, कुरआन की तिलावत करें, बुराई से बचे सहित अन्य बिंदुओं पर उन्होंने जानकारी दी। इस मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार पीएसआइ कृष्णा कुमार इंद्रमणि जयसवाल सरफराज अंसारी सहित मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# 12वीं में 94.2 प्रतिशत लाकर आरके पब्लिक स्कूल की सानू प्रिया बनीं टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित आरके पब्लिक स्कूल के सीबीएसइ 12वीं की परीक्षा का परीक्षा फल घोषित हुआ। इस स्कूल के बारहवीं की परीक्षा में कुल 68 परीक्षार्थि शामिल हुए थे। जिसमें 64 परीक्षार्थी परीक्षाफल में पास हुए जहां राकेश दुबे की पुत्री सानू प्रिया ने 94.2% लाकर टॉप की। दूसरे नंबर पर जितेंद्र कुमार की पुत्री पलक शर्मा 86.4% , तीसरे नंबर पर मुस्तकीम अंसारी की पुत्री नेहा ने 85.4% वही रामचंद्र द्विवेदी के पुत्र सुधांशु द्विवेदी 82.6% धीरज कुमार तिवारी के पुत्र साक्षी तिवारी 82.6% तथा नरेंद्र तिवारी के पुत्री सौम्या तिवारी शोम्या तिवारी 80.6% लाकर उतीर्ण हुए। इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामना एवम बधाई दी है।

# दसवीं मे 251 परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण, अंशुल पटनायक 96.8% अंक लाकर बने टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा की जारी की गई परीक्षाफल में आर के पब्लिक स्कूल के 298 परीक्षार्थियों में 251 परीक्षार्थी सफल हुए । जहां मनोज पटनायक के पुत्र अंशुल पटनायक 96.8% टॉपर बने , दूसरे नम्बर पर श्रीकांत चौबे के पुत्र प्रियांशु चौबे 96.2% तीसरे स्थान पर दयानंद गुप्ता के पुत्र विवेकानंद गुप्ता 95.2%, सुनील कुमार सोनी के पुत्र उज्जवल सोनी 94%, एस कुमार यादव के पुत्र आर्यन कुमार यादव 94% लाकर परीक्षा में सफल हुए। सभी सफल हुए छात्रों को स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने बधाई एवम शुभकामनाएं दी है।

# मिलेनियम टेन प्लस टू विद्यालय की छात्रा आयुषी बनी टॉपर




आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय मिलेनियम टेन प्लस टू विद्यालय की छात्रा आयुषी कुमारी ने 92 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में 10वीं की टॉपर बनी है। सीबीएसई के द्वारा दसवीं की परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने पर शुक्रवार को छात्राओं के बीच अपने परीक्षा परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी हुई थी । स्थानीय विद्यालयों में मिलेनियम पब्लिक स्कूल की छात्रा आयुषी कुमारी ने 92% अंक लाकर विद्यालय टॉप करने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं धीरज कुमार एवं ज्ञान प्रकाश ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में संयुक्त द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि अनामिका को 88, सुमित कुमार को 84 ,रंजीत कुमार एवं स्वयं कुमार को 82, अभिजीत कुमार को 81, प्रज्ञा एवं आयुष को 80% अंक प्राप्त हुए हैं। विद्यालय के उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक मुमताज राही ने सभी को बधाई दिया है। वही मुमताज राही ने बताया कि आयुषी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। वह आईएएस बनना चाहती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के वेहतरीन रिजल्ट आने के पीछे यहां के छात्र छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक एवं विद्यालय में पढ़ाई के लिए उचित माहौल को भी जाता है ।उन्होंने कहा कि उनका हमेशा से यह कोशिश रहा है कि विद्यालय परिसर में गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान की जाए एवं उसके लिए यहां का वातावरण भी सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मिलेनियम पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं सभी क्षेत्रों में आए दिन ऊंची मुकाम को हासिल करते आये है। जो विद्यालय के साथ-साथ उनके लिए भी गौरव की बात है। पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने का अवसर यहाँ के विद्यार्थियों ने हमेशा हमें प्रदान किया है। निर्देशक मुमताज राही ने सभी को उज्जवल भविष्य की कामना की । मौके पर विद्यालय के चेयर पर्सन नूरजहाँ वेगम, प्रिंसिपल मंजूर आलम, अनीश यादव, सूरज तमांग, नागेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल (10+2) का शानदार प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल का पहला बैच का परिणाम शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए सीनियर सेकेंडरी परीक्षा का परीक्षा फल प्राप्त करने में सवार्धिक अंक आर्यन कुमार ने कुल 93 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहा जबकि 91 प्रतिशत से सोनाली कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की।

वहीं आर्यन और सोनाली ने गणित में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त की फिजिक्स में 94,केमिस्ट्री में सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक मिला। वहीं 80 प्रतिशत अंक पाने वालों में स्वेक्षा कुमारी, लकी रौशन, सौर्य प्रकाश है। इसी प्रकार कुल 8 छात्र छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। शेष छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। वहीं एक छात्र का कंपार्टमेंट है।

स्कूल के पहले सेशन का रिजल्ट का शानदार पर प्रदर्शन पर निदेशक ने सभी छात्र छात्राओं, शिक्षक समूहों और अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रकट किया है और उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।वहीं स्कूल के प्राचार्य सीबी सिन्हा ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को विशेष शुभकामनाएं और बधाई दी और स्कूल के पहले रिजल्ट जारी होने पर हर्ष व्यक्त किया।

### जीएन कॉन्वेंट स्कूल के दसवीं का परीक्षाफल शानदार

# 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मोहन और जयंत प्रकाश स्कूल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसइ बोर्ड द्वारा जारी सेकंडरी (10) क्लास का परीक्षाफल के मौके पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले समस्त छात्र छात्राओं में मोहन कुमार और जयंत प्रकाश ने 90 प्रतिशत अंक लाया। वहीं 89 से लेकर 85 प्रतिशत तक अंक पाने वाले 8 से अधिक विद्यार्थी हैं। 80 प्रतिशत अंक पाने वाले 10 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हैं। 77 से 75 प्रतिशत अंक लाने वाले 11 से अधिक बच्चे हैं, जबकि 65 से लेकर 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों की संख्या 35 हैं। गणित में सर्वाधिक अंक जयंत प्रकाश का 99 है। वहीं 15 से अधिक बच्चों का गणित में अंक 90 और 95 के बीच है। अधिकांश विद्यार्थियों ने गणित के अलावा साइंस सोशल साइंस कंप्यूटर में सर्वश्रेष्ठ अंक का प्रदर्शन किया है। सभी बच्चे के साथ साथ शिक्षकगण,अभिभावकों ने इस परीक्षाफल पर हर्ष व्यक्त किया है। निदेशक मदन केशरी ने समस्त छात्र छात्राओं सहित शिक्षकगण,अभिभावकों सहित सभी शुभचिंनकों को आभार जताया है। वहीं प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने सफल विद्यार्थियों और शिक्षकों, और अभिभावकों को बधाई दी।

### बिरसा कॉलेज में आर्चरी और शूटिंग का समर कैंप सह टैलेंट हंट का शुभारंभ

# सफलता के लिए पूरे मनोयोग से काम करना जरूरी: कमांडेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** सफलता पाने के लिए किसी भी काम को पूरे मनोयोग से करना जरूरी है। चाहे पढ़ाई हो या खेल का मैदान। किसी भी प्रतियोगिता में सफल होने के लिए दृढ़ निश्चय आवश्यक है। दृढ़ निष्चय से ही कठिन परिस्थितियों से लड़कर हम आगे बढ़ सकते हैं। उक्त बातें सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने कहीं। वे शुक्रवार को बिरसा कॉलेज परिसर में खूंटी राइफल क्लब और वीर बिरसा आर्चरी एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समर कैंप सह टैलेंट हंट का उद्घाटनु करने


समर कैंप सह टैलेंट हंट में निशाना साधते कमांडेंट राधेश्याम सिंह।

के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे मनोयोग से मैदान पर उतरें। जुनून के साथ उतरेंगे तो एक दिन यहां के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। खूंटी की धरती का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि आर्चरी के क्षेत्र में खूंटी की धरती ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। शूटिंग में भी खूंटी के खिलाड़ी खूब नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से लगातार अभ्यास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जितना अभ्यास करेंगे, उतनी ही महारथी बनेंगे और सफलता कदम चुमेगी। सफलता नहीं मिलने से विचलित नहीं हो, बल्कि लगातार प्रयास जारी रखें। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ऐसे कार्यक्रमों से खिलाड़ियों से जुड़ने और कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रयास करती है। इससे पहले उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और राइफल शूटिंग और आर्चरी में अपने हाथ आजमाये। सीआरपीएफ की ओर से सभी खिलाड़ियों को उन्होंने जर्सी प्रदान की। नगर पंचायत खूंटी के कार्यपालक रवि प्रकाश ने भी शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजक बसंत कुमार और अनुज कुमार ने बताया कि शिविर में आर्चरी और राइफल-पिस्टल शूटिंग की जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट राजेंद्र सिंह, एसएम संजीव कुमार, राजेश कुमार सिंह, राइफल क्लब के उपाध्यक्ष अमितेश भगत, विपुल जायसवाल, चंदन कुमार, विश्वकर्मा उरांव के अलावा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो, राजकुमार गुप्ता आदि थे।

# प्रेमी के सामने ही फंदे से झूलकर प्रेमिका दे दी जान, प्रेमी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** प्रेमी की बेरुखी से आहत होकर सुषमा धान (25) नामक युवती ने उसके (प्रेमी) के सामने ही एक पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। इसकी सूचना पाकर शुक्रवार पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतका के भाई के बयान पर प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तोरपा पुलिस ने बताया कि जारियागढ़ थाना क्षेत्र जम्हार डांडटोली की रहने वाली सुषमा धान और लोहाजिमि के विवेक गुड़िया (30) के साथ एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुषमा रांची में रह कर किसी सिलाई सेंटर में काम करती थी। वह प्रेमी को पॉकेट खर्च भी देती रहती थी, लेकिन सुषमा को लगा कि विवेक का किसी अन्य लड़की के साथ चक्कर चल रहा है। इसी बात को लेकर गुरुवार की दोपहर में सुषमा रांची से बस से तोरपा ब्लॉक गेट के पास उतरी और प्रेमी विवेक को मिलने के लिए बुलाया। ब्लॉक गेट के पास से ही दोनों एक बाइक पर सवार होकर दियांकेल पंचायत के रामजय बगीचा के पास गए, जहां दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। सुषमा ने विवेक से उसका मोबाइल फोन मांगा तो उसने नहीं दिया। इसी बात को लेकर दोनों में बकझक हो गयी और विवेक को सामने ही मर जाने की बात कहकर सुषमा आम के पेड़ में अपने दुपट्टे के सहारे झूल गयी। हालांकि विवेक जब बचाने गया, तब तक सुषमा की मौत हो चुकी थी। इसके बाद विवेक वहां से भाग गया। देर रात किसी ने देखा कि लड़की फंदे में झूल रही है। उसने तुरंत इसकी सूचना तोरपा पुलिस को दी। इसकी सूचना पाकर तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। इधर, मृतका के भाई सुखराम धान ने पुलिस के समक्ष आशंका जताई था कि विवेक ने ही उसकी बहन की हत्या की है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### देसी पिस्टल और कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी पुलिस ने गुरुवार की रात शहर के आजाद रोड मोहल्ले में हथियार लेकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की नियत से घूम रहे मेला टांड़ निवासी शब्बा अहमद खान नामक आरोपित को खदेड़ कर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपित के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल और दो कातरूस बरामद किया है। इस बाबत उसके विरुद्ध खूंटी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत एक मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया गया कि गिरफ्तार आरोपित का अपराधिक इतिहास रहा है। विरुद्ध 13 सितंबर 2022 को शहर के आश्रम टांड़ पतरा मैदान में हुए गोलीकांड सहित पिछले वर्ष रामनवमी के दौरान उत्पन्न अप्रिय स्थिति मामले में खूंटी थाना में तीन मामले दर्ज हैं। इन मामलों में वह लगभग एक माह पूर्व ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। छापामारी टीम में खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव, खूंटी थाना के एसआई राजेश कुमार हाजरा, रवि सोनी, एएसआई जगदीश चन्द्र मुर्मू आदि शामिल थे।

### बीज विनिमय वितरण योजना का दिया गया प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संयुक्त कृषि भवन के सभागार कक्ष में शुक्रवार को खरीफ 2023 की तैयारी के लिए बीज विनिमय वितरण योजना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। योजना के तहत खूंटी जिले के लैंप्स, पैक्स, एफपीओ, बीएओ, बीटीएम, एटीम को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से बीज वितरण करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी ने की। मुख्य प्रशिक्षक पंकज कुमार, प्रभारी ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी कृषि निदेशालय झारखंड रांची द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मधुसूदन कुमार सिन्हा कृषि निरीक्षक, अमरेश कुमार प्रभारी उप परियोजना निदेशक, मयंक कुमार और सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सही उम्र में ही बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दें अभिभावक : निशांत रौशन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रोशन ने छात्राओं को यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि वाहन का परिचालन सही उम्र में किया जाना चाहिए। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि घर में अपने परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान छात्राओं से यातायात नियम से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, प्राचार्या ज्योति कुमारी, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। कृषि पदाधिकारी सहित जिले के विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक शामिल हुए।

### मेहनत करेंगे, तभी हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता : अमित

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सामर्थ तीरंदाजी अकादमी के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय में चल रहे समर कैंप के सातवें दिन कार्यपालक दंडाधिकारी और जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार झा भी बच्चों की हौसला आफजाई के लिए शुक्रवार को कैंप में पहुंचे। उन्होने बच्चों से कहा कि आप उम्र में अभी छोटे हैं, लेकिन जिस तरह बच्चों को सींचा जा रहा है, मेरा यकीन है कि आप मेहनत करते रहेंगे और सफलता जरूर प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरु मे भगवान को देखते रहेंगे, तो आप अपने विद्यालय, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। मौके पर बिरहू पंचायत की मुखिया, वॉर्डन प्रतिमा देवी, समाजसेवी गायत्री सिंह, संजय सिंह, प्रशिक्षक दानीश, अशीष, राहुल आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा में बुंडू सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में बुंडू के सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। छात्र मनोज कुमार महतो 95 फीसदी लाकर प्रथम स्थान पर काबिज रहा। जबकि अंशु प्रजापति 92.4 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। परिणिका कुमारी 92 फीसदी अंक लाकर तीसरे स्थान रही। जबकि अमन प्रताप 91.4 फीसदी, आयुष कुमार 91.4 फीसदी, अर्णव सिंह 91.6 फीसदी, सुहानी कुमारी 91.2 फीसदी, रुद्रप्रताप सिंह मुंडा 91 फीसदी, तनिष कुमार 90 फीसदी, और पीयूष कुमार ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए। स्कूल के 11 बच्चो को 90 फीसदी से उपर अंक प्राप्त हुए। वहीं, 12वीं की परीक्षा में भी सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। 90 फीसदी अंक प्राप्त कर वैदेही ने विद्यालय में श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त



किया। प्रधानाचार्या तराना बेगम और निदेशक अली अल अराफात ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। कहा कि परीक्षाफल विद्यार्थियो-शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत का नतीजा हैं ।

# विज्ञान संकाय में शालिनी व वाणिज्य में महिमा बनी टॉपर

**सीबीएसइ 12वीं बोर्ड परीक्षा में डीएवी बचरा के बच्चों ने लहराया सफलता का परचम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में विद्यालय से विज्ञान संकाय में कुल 28 विद्यार्थी और वाणिज्य संकाय में 17 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जानकारी के मुताबिक विज्ञान संकाय में 94 प्रतिशत अंक पाकर शालिनी रानी स्कूल टॉपर रही। जबकि वाणिज्य संकाय में 88.6 फीसदी अंको के साथ महिमा कुमारी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा




परिणाम में विद्यालय में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वालों में विज्ञान संकाय से शालिनी रानी ने 94 प्रतिशत, स्नेहा कुमारी 92.8 प्रतिशत, मिथिलेश कुमार राणा 91.6 प्रतिशत, रूपेश कुमार सिंह 91.4 प्रतिशत, मनीष कुमार 88 प्रतिशत, शाहबाज आलम 86.8 प्रतिशत, अश्विनी कुमार 82.4 प्रतिशत, खुशी कुमारी 82 प्रतिशत, नीतू कुमारी 80.2 प्रतिशत, तंजीम अहमद 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं वाणिज्य संकाय से महिमा कुमारी 88.6 प्रतिशत, मोहम्मद शाहिद अंसारी 86 प्रतिशत, आकांक्षा कुमारी 83.6 प्रतिशत, सुशील कुमार मुंडा 80.6 प्रतिशत, प्रियांशु 67 प्रतिशत, शक्तिपुंज रंजन 63.6 प्रतिशत, सुब्रतो विश्वास 63.4 प्रतिशत, इंद्रानील सरकार 63.2 प्रतिशत, नेहाल किस्पोटा 62.8 प्रतिशत, भारती आर्या 62 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

# सीबीएसइ 10वीं व 12वीं की परीक्षा में खूंटी डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं की शुक्रवार को जारी हुए परीक्षा परिणाम में खूंटी डीएवी पब्लिक स्कूल का रिजल्ट 97 फीसदी रहा। 10वीं की परीक्षा में अतुल कुमार गुप्ता 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बना। वहीं शौर्या गुप्ता 94.8 प्रतिशत और दीपक कांशी 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं तृतीय टॉपर बने। इसी प्रकार मधु प्रिया ने 94.4 प्रतिशत अंक लाकर चौथा, रक्षा राजश्री ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें, अदिति चौधरी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठे, कृष कुमार ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवें, अर्चित ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवें, युवराज मिश्रा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवें और उमंग कुमार ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप टेन में अपना स्थान बनाया। विद्यालय के प्राचार्य टीपी झा ने बताया कि विद्यालय से 170 विद्यार्थी दसवीं की परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 165 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इनमें से 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। दूसरी ओर 12वीं की परीक्षा में विज्ञान और वाणिज्य संकाय का रिजल्ट भी अच्छा रहा। विज्ञान संकाय में बलराम भाला ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं तस्लीम अख्तर 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। इसी तरह केतन महतो ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त खुशी गुप्ता ने 87 प्रतिशत और प्रज्ञान प्रजापति ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। स्वाति कुमारी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अभिनव कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त पलक कुमारी ने 88 प्रतिशत, रोशनी गुप्ता ने 83 प्रतिशत और अंजली कुमारी ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः तीसरे, चौथे, और पांचवें स्थान पर रहे। विद्यालय के छात्र छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्राचार्य टीपी झा ने संतोष व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शिक्षक बनना चाहता है अतुल

सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डीएवी विद्यालय खूंटी के टॉपर रहे अतुल कुमार गुप्ता आगे शिक्षक बनकर समाज में ज्ञान की रोशनी फैलाना चाहता है। शहर के भगत सिंह चौक निवासी व्यवसाई अनूप कुमार गुप्ता का पुत्र अतुल कुमार गुप्ता ने एसएसटी में सर्वाधिक 99 अंक प्राप्त किया है। उसने बताया कि उसकी इस सफलता में उसके माता-पिता सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का सार्थक सहयोग रहा है। दूसरी ओर 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के सेकंड टॉपर रहे शौर्या गुप्ता ने आगे इंजीनियर बन कर देश के नव निर्माण में अपना योगदान देना चाहता है। शहर के कर्रा रोड निवासी व्यवसाई अशोक गुप्ता का पुत्र शौर्या गुप्ता ने मैथ्स में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अन्य विद्यार्थियों के लिए मिसाल कायम की। अपने इस सफलता का श्रेय उसने अपने माता-पिता सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया।

# 10वीं में 93.8 फीसदी अंक लाकर आकांक्षा प्रभा बनी स्कूल की टॉपर

**उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल का दसवीं बोर्ड का रिजल्ट रहा शतप्रतिशत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** उसुर्लाईन कॉन्वेंट स्कूल का सीबीएसई 10वीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 67 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 41 प्रथम, 23 द्वितीय एवं तीन तृतीय स्थान प्राप्त किया। 93.8 प्रतिशत अंक लाकर आकांक्षा प्रभा स्कूल टॉपर बनी। वहीं, 87.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय टॉपर पूर्णिमा कुमारी एवं 81.6 प्रतिशत अंक लाकर



सेलीना परवीन तृतीय टॉपर बनी। हिंदी विषय में अनन्या और गरिमा गोस्वामी ने अधिकतम 95 अंक लाई है। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जयंती ने स्कूल के बच्चों की इस सफलता पर सभी बच्चों शिक्षकों एव अभिभावकों को बधाई दी हैउसुर्लाईन कॉन्वेंट स्कूल का दसवीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।

### कांग्रेस की बैठक में संगठन के सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

# अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ें: राजेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** क्लब परिसर में शुक्रवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें संगठन के सशक्तीकरण के संदर्भ में विचार विमर्श कियागया। बैठक में मुख्य रुप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिले के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन की बारीकियों को समझाया और पार्टी को मजबूत करने के गुण बताए।


खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ें। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। जबकि कालीचरण मुंडा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए मैं 24 घंटे संगठन के साथ खड़ा हूं।, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने का सतत प्रयत्न किया जा रहा है। निश्चित रूप से आनेवाले दिनों में कांग्रेस का परचम खूंटी जिले में लहराएगा। बैठक में प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश प्रतिनिधि ओम प्रकाश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, रविकांत मिश्रा, विल्सन तोपनो, पुनीत हेमरोम, उपाध्यक्ष पांड्या मुंडा, सुशील सांगा, तैयब अंसारी, नरेश तिर्की, विजय स्वासी के अलावा सभी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरूण सांगा, मीनाक्षी, सुनीता गोप, परवेज आलम आदि उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय रामचरितमानस पाठ का आयोजन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय रामचरित मानस पाठ एवं गीता पाठ का आयोजन पतराहातू स्कूल मैदान में किया गया है। जिसमें पाठ कथा विमोचन के लिए दिल्ली से आए कलाकार सुष्मिता भारती एवं धनंजय स्वामी द्वारा रामचरित कथा का विमोचन किया जा रहा है। स्वामी जी के मुख से प्रवचनके सुनने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस मौके पर स्वामी धनंजय जी महाराज ने कहा कि राम कथा सुनने से लोगों की चिंता एवं दुख दूर हो जाती है। प्रभु राम एक नारायण का रूप है जो सबके दुख रहते हैं। जो भी भक्तगण प्रभु राम के शरण में जाते हैं उनका जीवन धन्य हो जाता है। इस कै पर रंजीत घोष, शैलेश सहाय, हरिपद मुंडा अमूल्य महतो आदि उपस्थित थे।

### सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो 15 मई को एनके एरिया करेंगें बंद : बिगन भोगता

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया की बैठक शनिवार को डकरा में होगी। इस संबंध में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बताया कि मोर्चा के एरिया एवं परियोजना शाखा के सभी पदाधिकारियो के साथ बैठक रखा है। जिसमें मोर्चा द्वारा दिये गए मांग पत्र पर प्रबंधन की गयी कार्यवाई की समीक्षा होगी। कहा कि प्रबंधन द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो 15 मई को परियोजना बंद करा देंगें।

## 22 बच्चों में से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए 20 विद्यार्थी, प्रबंधन ने दी बधाई

# सीबीएसइ 10वीं में डीएवी विवेकानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के सीबीएसई के दसवीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले सफलीभूत विद्यार्थियों के साथ मौजूद शिक्षक।

**बेड़ो।** प्रखंड के विनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 22 बच्चों में से 20 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि दो बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें नमन कुमार भगत 91 फीसदी लाकर स्कूल टॉपर का गौरव हासिल किया। वहीं, मनीषा कुमारी ने 86 फीसदी लाकर दूसरा और सुधीर उरांव ने 83 फीसदी लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान हासिल किया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि यह शिक्षकों की कड़ी मेहनत, लगन, उत्साह व अनुशासन से ही बेहतर परिणाम आया है। उन्होंने सभी बच्चों अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। साथ ही बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह स्कूल का दूसरा बैच है, जिसने कक्षा 10वीं की परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि 10वीं की परीक्षा बच्चों के जीवन का पहला पड़ाव है। जिसे इन्होंने पार कर लिया है। आगे की पढ़ाई इनके भविष्य निर्धारण करेगा।

### बाघवार एकेडमी के 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

**चान्हो (आजाद सिपाही)। दसवी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बाघवार एकेडमी का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। कुल 44 विद्यार्थी परीक्षा में भाग लिए थे। शोएब अंसारी 86.8 प्रतिशत लाकर अपने वर्ग में प्रथम स्थान रहा, गायत्री उराव को 82 प्रतिशत एवं श्रुति को 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।**

## मृतका के परिजनों से मिले सांसद संजय सेठ, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतका के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते रांची के सांसद संजय सेठ।

**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ शुक्रवार को राजा उलातु पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने मृतका के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने मृतिका के परिजन को ढ़ाढ़स बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ हैं। किसी भी तरह की कोई भी परेशानी हो तो आप मुझे जानकारी देंगे। आपकी परेशानी को दूर किया जायेगा। गौरतलब है कि ईसाई से मुस्लिम बनी नामकुम राजा उलातु पंचायत के महुआ टोली की महिला सरोज टोप्पो छह वर्ष पूर्व हजारीबाग चपवा भेलवारा गांव निवासी मुस्लिम युवक मो रहीम से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद सरोज का नाम बदलकर (फातिमा) रखा गया था। विवाह के बाद से वह अपने पति के साथ रांची में ही रहती थी। डेढ़ साल पूर्व मो रहीम ने चुपके से दूसरी युवती से शादी कर ली। जिसकी जानकारी मिलने पर फातिमा और मो रहीम के बीच विवाद होने लगा। एक दिन विवाद के बाद मो रहीम ने कथित रूप से फातिमा की हत्या कर दी और कुछ लोगों की मदद से हजारीबाग के हत्यारी जंगल में फेंक दिया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद हजारीबाग पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों से संपर्क किया। इस मौके पर खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, मुखिया रंजीत लकड़ा, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, मुक्तिनाथ मिश्रा, रुदेश्वर राय, दयानंद राय, सुरत राय, अनु तिवारी, उपेंद्र राय, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## डॉक्टर सुशांत कुमार से मारपीट किये जाने के मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखण्ड के दानेकेरा गांव में द हंस फाउंडेशन चलंत चिकित्सा इकाई लापुंग के डॉक्टर डा सुशांत कुमार पर 11 मई को जानलेवा हमला किया गया था। उसमें उनकी बायी आंख के बाहरी भाग में गंभीर चोट के निशान है। उनपर दानेकेरा गांव के आरोपी गंगा सागर की दो बहनों ने गलत आरोप लगाते हुए कपड़ा फाड़ने व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस पर डॉ सुशांत कुमार ने कहा कि वह इलाज कर रहे थे। तभी झूठे आरोप लगाकर दोनों बहन दीपिका कुमारी व विद्या कुमारी और भाई गंगा सागर ने डॉक्टर की बायी आंख पर घूंसा मार दिया जिसमें आंख में गंभीर चोट लगी और उसमें से खून बहने लगा। साथ ही डॉक्टर ने सरकारी काम मे बाधा डालने का आरोप लगाया। डॉ सुशन्त कुमार ने जान माल की सुरक्षा के लिए गंगा सागर और दोनो बहनों पर लापुंग थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। शुक्रवार को डॉ सुशांत कुमार व दानेकेरा मुखिया धुचला मुंडा व ग्रामीणों ने डॉक्टर पर मारपीट कर घायल करने वाले आरोपी पर कानूनी करवाई की मांग थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम से किया। कहा कि आरोपी झुठे आरोप लगाकर बिना बीमारी का विटामिन की दवाई मांगने लगे। नहीं देने पर डॉ सुशांत को देख लेने की धमकी देते हुए गए। अपने भाई के साथ दोनो बहनो ने मिलकर डॉक्टर पर कपड़ा फाड़ने का आरोप लगाया।

### नीरजा सहाय डीएवी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में सीबीएसइ द्वारा 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। 10वीं एवं 12वीं के दो संकायों विज्ञान एवं वाणिज्य में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इसमें 12वीं की विज्ञान संकाय में दिव्यांशु शरण कुमार 93.2 फीसदी, ज्ञाना वैष्णवि 90.8 फीसदी, अभिनव पांडे 89.4 फीसदी, जबकि वाणिज्य संकाय में मनीष कुमार 94.6 फीसदी, श्रुति सौम्या 90.2 फीसदी और यश आनंद सिन्हा 90 फीसदी अंक अर्जित कर सफलता पायी।**

## ओरमांझी सीएचसी के प्रभारी और बीपीएम को बचाने की हो रही साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी सीएचसी में 29 मई को बीपीएम द्वारा नर्सों के साथ छेड़छाड़ का मामल प्रकाश में आया था। जिसे लेकर प्रखंड कार्यालय में प्रमुख अनुपमा देवी और उप प्रमुख रिजवान अंसारी द्वारा विभाग को दोनो अधिकारियों को सस्पेंड करने को लेकर पत्राचार की बात कही गई थी। इसी बीच एक मई को स्वास्थ्य विभाग से तीन सदस्य की एक टीम जांच के लिए सीएचसी ओरमांझी आई थी। सभी नर्सो से पूछताछ बंद कमरे में की गई थी। जिसका विरोध नर्सों द्वारा भी किया गया था। एसीएमओ और अन्य दो अधिकारियों द्वारा दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामले की जानकारी के लिए सिविल सर्जन रांची से संपर्क करने पर बताया गया कि अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है। जांच रिपोर्ट आने पर अखबार वालों को नहीं बताया जाएगा। मामला को दबाने के बारे पूछने पर उन्होंने कहा कि नहीं मामला को दबाने का प्रश्न ही नहीं उठता है। घटना के दस दिन बीत जाने के बाद भी बीपीएम पर कार्रवाई नहीं होने से नर्सों में दहशत है। बीपीएम द्वारा पैरवी, पहुंच और बलात्कार वाली बात नर्सों के बीच डर पैदा कर रहा है। नर्सों का कहना है कि यदि बी पी एम और प्रभारी सस्पेंड नहीं होते हैं तो हम नर्सों का भगवान ही मालिक है। प्रमुख अनुपमा देवी और उप प्रमुख रिजवान अंसारी के द्वारा बी पी एम प्रमोद कुमार और प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई के लिए उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा सौंपा गया है।

## आजसू नेता ने नये बिजली ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** बीसा पंचायत के गोदंलीटोला में शुक्रवार को नया बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया। बतातें चलें कि इस टोले का ट्रांसफॉर्मर महीनों से खराब पड़ा था। ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने से आसपास का पूरा इलाका अंधकार में था। इसकी सूचना पारसनाथ उरांव ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो को दी। सुदेश महतो ने तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की और यहां एक नया ट्रांसफॉर्मर आंवटित कराया। नया बिजली ट्रांसफॉर्मर लग जाने से ग्रामीण काफी खुश दिखे। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए सुदेश महतो और पारसनाथ उरांव का आभार व्यक्त किया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रोहित बेदिया, जयराम बेदिया, सहिराम बेदिया, शिवचरण बेदिया, किशोर बेदिया, कालीचरण बेदिया, सरलु बेदिया, बालकिशोर बेदिया, दशरथ बेदिया, राममोहन बेदिया, धनेश्वर बेदिया, आशाराम बेदिया, सुखराम बेदिया, जगदीश बेदिया, मुनेश्वर बेदिया, विभिषण बेदिया आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के बीच चित्र सह निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2023 के उपलक्ष्य में झारखंड जैव विविधता पार्षद रांची एवं प्रगति एजुकेशनल एकेडमी रांची के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को जैव विविधता विषय पर एस.एस प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेड़ो रांची में स्कूली बच्चों के बीच चित्र सह निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सनद रहे कि जैव विविधता पर जो खतरा मंडरा रहे हैं, बहुत जीव जंतु इस प्राणी जगत से विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसके संरक्षण संवहनीय उपयोग तथा जैविक संपदा से प्राप्त लाभांशों के समुचित बंटवारे हेतु भारत सरकार द्वारा जैविकीय विविधता अधिनियम 2002 पारित किया गया है। वहीं जनमानस में जैव विविधता के प्रति जागरूकता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन द्वारा 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस घोषित किया गया है। जिसे प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिससे जैव विविधता को बचाया जा सके। इसकी संरक्षण हेतु कक्षा आठवीं से 12वीं तक के छात्र छात्राओं के बीच जिला स्तरीय चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय झारखंड की लुप्तप्राय प्रजातियां पर चित्र बनाना और निबंध लेखन प्रतियो गिता का विषय जैव विविधता के पुनर्निर्माण हेतु कार्रवाई विषय पर लेखना करना है।इस प्रतियोगिता में कुल 123 बच्चों ने अपनी भागीदारी निभाया। इधर बच्चों के द्वारा बहुत ही खुबसूरत पेंटिंग और निबंध लिखा गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रगति एजुकेशन एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता ,संस्था के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सिन्हा ,प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार पांडे एवं शंकर गुप्ता समेत विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिका आदि के द्वारा दिया गया। वहीं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रगति एजुकेशन एकेडमी के सीईओ बबीता कश्यप द्वारा दिया गया।

## संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत

आजाद सिपाही संवाददाता







**पिस्कानगड़ी।** संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा का परिणाम शुक्रवार को प्रकाशित हुआ, जो शत प्रतिशत रहा। सभी विधार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। परीक्षा में कुल 49 विद्यार्थी शामिल हुए। अनन्या आर्यन 93.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। कुंदन कुमार 91.2 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहे। अमन खलखो को 84.0 प्रतिशत अंक मिले। खुशी कुमारी को 83.2 प्रतिशत अंक मिले। अभिषेक कुमार सिंह ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। अक्षत अग्रवाल ने 88.0 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आद्या कृतिका 81.0 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण हुई। प्रतिभा कुमारी को 88.20 अंक मिले। सना आफरीन को 88.6 अंक मिले। मोहम्मद नूह हुसैन ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आइरा तैय्यब ने 72.2 प्रतिशत अंक लाया। सारा प्रवीण ने 78.0 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुई। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्राचार्या जसमंती देवी, निर्देशक डॉक्टर पंकज राज, उपप्राचार्या श सुनिता सिंह, प्रशासनिक निदेशक संदीप राज एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की? वहीं, संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 200 विद्यार्थी शामिल हुए। अनीशा सिंह ने 94 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रही.मेहविश फिरदौस ने 92.4 प्रतिशत, आयुष कुमार ने 91.4 प्रतिशत, आस्था कुमारी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं आशी उरांव 91 प्रतिशत प्राप्त किए. सौरभ उरांव 90 प्रतिशत, अनिमा कुमारी ने 89 प्रतिशत, पृथ्वी राज नायक ने 89 प्रतिशत, ज्योतिका सिंह 87 प्रतिशत, रूपेश कुमार साहू एवं मनीष कुमार ने 86 प्रतिशत, अनिकेत कुमार 82 प्रतिशत,अनिर्बान सांगा 82 प्रतिशत, आर्यन कुमार साहू ने 81 प्रतिशत, दिवस उरांव 80 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्राचार्या जसमंती देवी, निर्देशक डॉक्टर पंकज राज ने समस्त विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन





**मांडर (आजाद सिपाही)। सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों ने शानदार प्रदेशन किया। शुक्रवार को जारी 10वीं की परीक्षा में कुल 139 बच्चे शामिल हुए थे, जिसमें से 83 प्रथम एवं 54 द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुए। विद्यालय की अंजली ग्रेसी मिंज 93 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं आदित्य रंजन 92.6 फीसदी अंक लाकर दूसरे स्थान पर काबिज रहा। अर्चना खलखो और पीयूष कुमार साहु 90.6 फीसदी अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के अंजली ग्रेसी मिंज समाज अध्ययन में 97, पियुष कुमार साहु कम्प्युटर में 97, गणित में 96 और विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किये। प्राचर्या इयोन ई. एक्का ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**

## विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कृषक मित्र सभागार में शुक्रवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्वतमान बीटीएम अंजीव श्रीवास्तव को विदाई दी गई वहीं नए बीटीएम नीरा सबिता जोजो का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव, बीडीओ उतम प्रसाद और सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो विशेष रूप से उपस्थित हुए। बीडीओ ने निर्वतमान बीटीएम अंजीव श्रीवास्तव द्वारा प्रखण्ड में कृषि विकास के क्षेत्र में किए गये कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नए बीटीएम से भी अपेक्षा है कि कृषि विकास के क्षेत्र में और बेहतर कर कृषि योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कृषक मित्र सुनील कुमार महतो ने निर्वतमान बीटीएम अंजीव श्रीवास्तव के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई बेहतर कार्य किए और कृषक मित्रों के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों को हर स्तर पर लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में कृषक मित्र सुनील कु महतो, महाबीर मुण्डा, रघुनाथ महतो, शहनवाज खान, विश्वनाथ महतो, सोनाराम सिंह मुण्डा, राजकुमार बड़ाईक, असगर बेदिया, चैता रजवार, नागेश्वर महतो, मनीनाथ सिंह मुण्डा, महेश करमाली, प्रवीण तिर्की, योगेश्वर प्रसाद महतो आदि मौजूद थे।

## स्कूल में महिला क्लब ने दिये वाटर फिल्टर और पंखा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम ने शुक्रवार को पी एन एस स्कूल नामकुम के लिये एक वाटर फिल्टर और एक सीलिंग पंखे प्रदान किये। कार्यक्रम में महिलाओं से जुड़ी जानकारियां महिला क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा ने साझा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्य उमाधाम, शिक्षिका सुशील मुंडा, सुमति बारला, नीता शर्मा, नैनी रोज, किरण सिंह, रंभा महतो, शोभा रॉय, सरिता पांडे, कुसुम देवी, पूनम वर्मा, सरोज अग्रवाल, गुड़िया सोनी के साथ अन्य स्वास्तिक महिला क्लब की सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्स डे का हुआ आयोजन

# जीवन से हार मानने वाले को ऊर्जावान बनाती है नर्सिंग सेवा : जीनत कौसर

आजाद सिपाही संवाददाता



नर्सेस डे पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मेडिकल स्टाफ।

**ओरमांझी।** ईरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव जीनत कौसर व अतिथिओं की ओ्र से द्वीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगोली एवं चित्रकला का प्रदर्शन किया गया । मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सो के बगैर हॉस्पिटल कि कल्पना नहीं की जा सकती है । नर्स के बेहतर ईलाज व सेवा से ही मरीज गंभीर से गंभीर बीमारीयों से निजात पाते हैं ।हॉस्पिटल में डॉक्टर तो मरोजो का ईलाज करते हैं मगर मरीजों का सही देखभाल और सेवा नर्स ही करते हैं । इसलिए मैं उन सभी छात्र एवं छात्राओं को सन्देश देना चाहती हूँ कि आप सभी अपने ऊपर गर्व करे की आप ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं जहाँ लोगों का आंसू पोछने का मौका मिलता है ।समारोह में मुख्य रूप से कॉलेज निदेशक डॉ शाहीन कौसर, डॉक्ट नाजनीन कौसर, अबू नसर, प्राचार्या-प्रमिला बक्सला, सुधीर कुमार, जुली किस्कू, बिनीता खलखो, वर्षा कुमारी, माधुरी लिली, मो मुद्दसर और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## रातू मलमांडू में सड़क हादसा में युवक की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ठाकुरगांव- काठीटांड मार्ग स्थित मलमांडू में सड़क हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान हुरहुरी निवासी सलीम अंसारी के रूप में हुई है। उधर, इसी हादसे में बाईक सवार मलमांडू निवासी सुनिल उरांव नामक युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका इलाज झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियल हॉस्पिटल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक हुरहुरी निवासी सलीम अंसारी आइसक्रीम बेचता था। रोजाना की तरह व आइसक्रीम बेचने के बाद शुक्रवार की शाम सात बजे मलमाण्डू की ओर से हुरहुरी अपना घर वापस रहा था। तभी स्टार आटो सर्विस पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बाईक सवार ने युवक को अपने चपेट में ले लिया जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं बाइक जब्त कर थाना ले आयी है। मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## पलामू सांसद ने हैदरनगर में रांची-इंटरसिटी ट्रेन को रही झंडी दिखाकर रवाना किया

# रेल समस्याओं का होगा समाधान : बीड़ी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू सांसद वीडी राम के प्रयास से शुक्रवार से रांची सासाराम रांची 18635-36 इंटरसिटी एक्सप्रेस हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर रुकी। सांसद ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया। इस मौके पर हैदरनगर रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद वीडी राम ने रेल की अन्य समस्याओं का भी शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन उपस्थित ग्रामीणों को दिया। उन्होंने हैदरनगर रेलवे स्टेशन को अमृत श्रेणी की मान्यता मिलने की बात कही। इससे रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी, उन्होंने कहा कि इस ट्रेन का ठहराव उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर भी कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। ग्रामीणों ने सांसद वीडी राम का भव्य स्वागत किया, जबकि इस कार्य के लिए सांसद वीडी राम, रेल मंत्री भारत सरकार व प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अशोक कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, प्रफुल्ल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, संतोष सिंह, सुनील गुप्ता, अजय जायसवाल, अजय गुप्ता, नरेंद्र सिंह , यातायात निरीक्षक अम्बरीश भारती, डीडीयू रेल मंडल के कई पदाधिकारी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करते पलामू सांसद बीडी राम व अन्य।

# पौधों को भी पानी की आवश्यकता है : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इन दिनों प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा अपने निजी खर्च से लगाए गए सार्वजनिक जगह पर सैकड़ों नीला-सफेद कंक्रीट बेंच, कचहरी ओवर ब्रिज एवं पूरन चंद सेतु पर लगा तिरंगा फ्लोरोसेंट लाइट जो शहर की खूबसूरती को बढ़ा रहा के बाद हर चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन रोड डिवाइडर, कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान में अपने निजी खर्च से फूल पत्ती में दवा, खाद एवं पानी का छिड़काव अपने वाहन द्वारा सुबह शाम कराना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में प्रथम महापौर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जैसे गर्मी के दिनों में लोगों को टैंकर से पानी आपूर्ति की जा रही है उसी तरह आज हमारे चौक-चौराहों एवं पार्क में लगे खूबसूरत फूल पौधों जहां लोग सम्मान के साथ खड़े होकर सेल्फी ले रहे हैं को भी खाद, दवा एवं पानी के छिड़काव की आवश्यकता है। जिसे किसी ना किसी को शहर की इस खूबसूरती को बनाए रखने के लिए दायित्व लेने की आवश्यकता थी, ताकि हमारा निगम क्षेत्र भी हरा भरा बना रहे और चूकी मेरे कार्यकाल में निगम ने यह सब बड़े शौक के साथ सजाया है। इसलिए मैंने खुद निजी खर्च से अपनी गाड़ी देकर एक माली और ड्राइवर के साथ सुबह-शाम पानी का छिड़काव कराना प्रारंभ कर दिया है, ताकि गर्मी में भी लगाए गए फूल पत्ती पौधे तंदुरुस्त एवं हरा-भरा बना रहे। प्रथम महापौर ने निगम के सभी लोगों से अनुरोध किया है यह आपका शहर है इसे सजाने एवं सुव्यवस्थित करने में निगम की मदद करें। प्रथम महापौर द्वारा कराई जा रही निजी खर्चे से इस तरह के कार्य की प्रशंसा हर जगह हो रही है। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा मैं आधिकारिक रूप से निगम का कार्य भले ही नहीं कर सकती लेकिन सामाजिक रुप से निगम के हर उस कार्य में मेरी भागीदारी रहेगी जिससे मेरा शहर स्वच्छ, स्वास्थ्य एवं हरा-भरा बना रहे।




# मंदिर निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से मजदूर की मौत

**जिप सदस्य राजू मेहता ने की परिजनों को मुआवजे देने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना के दंगवार ओपी अंतर्गत बनियाडीह बराही पंचायत के कामत गांव निवासी 27 वर्षीय जवाहिर मेहता की मौत करंट लगने से हो गई।

वह पेशे से मजदूर था। जानकारी के मुताबिक मंदिर निर्माण कार्य में लगे मजदूर जवाहिर मेहता रॉड सीधा करने के दौरान ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। अचेत अवस्था में ग्रामीणों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिप सदस्य राजू मेहता अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं से मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा की मांग की है। अभियंताओं ने उच्चाधिकारियों से बात कर इस दिशा में कार्रवाई का आश्वाशन दिया है। इधर मृतक मजदूर का पोस्टमार्टम अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# लाभुक अधूरे आवास का काम पूरा करें, हमलोग करेंगे मदद : बीडीओ

**लंबित आवास लाभुकों की समस्या के निष्पादन को लेकर पंचायत सचिवालयों में लगाया गया पहला शिविर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** लाभुकों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिवालयों में पीएम आवास लाभुक दिवस अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पहला शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कर रहे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने बताया कि चयनित अधिकारी, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पहुंचे लंबित आवास के लाभुकों की समस्या सुना गया और उन्हें आवास पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया गया।कहा गया कि आवास पूर्ण करने के लिए जो भी मदद चाहिए करने के लिए तैयार हैं।इस दौरान उन्होंने कहा कि राशि निकासी के बावजूद लाभुक अगर आवास निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं करते हैं तो उसमें सर्टिफिकेट केस भी किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 2021-22 में 1571 आवास का लक्ष्य मिला था। जिसमें अब तक 1214 आवास ही बना है।शेष 357 आवास लंबित है।इसके अलावे 2016 के 115 आवास डिले हो चुके हैं।जिसे पूर्ण कराने के लिए अभियान के अंतर्गत 11 मई से 30 जून तक गुरुवार को शिविर लगा कर हर हाल में अधूरा आवास को पूरा कराना है।



आवास के लाभुकों से वार्ता करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में खुशी ने 90 फीसदी अंक लाकर किया नाम रोशन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर की बिटिया खुशी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खुशी राजद के वरिष्ठ नेता सह युवा समाजसेवी ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता की बेटी है। खुशी ने बताया कि कड़ी लगन और बेहनत के दम पर उसने सफलता पाई है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों सहित माता पिता को दिया है। खुशी आगे चलकर आईएस अधिकारी बनाना चाहती है। खुशी की इस सफलता से विश्रामपुर के लोगों में हर्ष है।**

# 12वीं की परीक्षा में संत मरियम के छात्रों ने स्थापित किया कीर्तिमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई की 12 वीं का परीणाम शुक्रवार को जारी हुआ। अपने प्रथम बैच में ही संत मरियम स्कूल ने शानदार परीणाम हासिल किया। वाणिज्य संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों में दीपक (92.2 फीसदी), प्रज्वल (92 फीसदी), आलोक कुमार (86.4 फीसदी), अमन अमी आजाद (85.8 फीसदी) जोया तारानाम (84.8 फीसदी), विज्ञान (जीव विज्ञान) में कृष (93.4 फीसदी), अंकित कुमार (89.8 फीसदी), आसिफ रजा (89.2 फीसदी), आर्यन गुप्ता (84.8 फीसदी), हर्ष वर्धन (81.8 फीसदी), विज्ञान (गणित) में राहुल कुमार पांडेय (93.4 फीसदी), सुशील कुमार (85.2 फीसदी), पलक राज (84.8 फीसदी, हंस राज (84.6 फीसदी), राजू कुमार (84.6 फीसदी) शीर्ष स्थान पर काबिज रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियो के कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। सकारात्मकता के साथ शिक्षकों का पूर्ण मनोयोग से छात्रों के बेहतर शिक्षा के प्रति समर्पण ही शानदार परिणाम का फल है। अभिभावकों का पूर्ण सहयोग और शिक्षकों के प्रति विश्वास का रिजल्ट में सकारात्मक प्रभाव है। निश्चित तौर पर सफल सभी विद्यार्थी एक बेहतर, समृद्ध, विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। स्थापना के प्रारंभ से ही विद्यालय गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए प्रतिबंध है। विद्यालय द्वारा अनेक कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। प्राचार्य कुमार आदर्श ने इस शानदार सफलता के लिए सभी शिक्षकों को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही प्राचार्य महोदय ने सफल सभी विद्यार्थियो को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।




# विकास योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर चयन करें: प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार ने किया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य के अलावा कई विभाग के कर्मी व पदाधिकारी मौजूद थे।

इसमें प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही अन्य विकास की बिदुओं पर चर्चा की। मनरेगा, पंचायती राज्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत होने वाले कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में वन विभाग, एसबीआई,ग्रामीण बैंक हुसैनाबाद व दंगवार, सिचाई विभाग समेत कई अन्य विभाग के पदाधिकारि व कर्मी अनुपस्थित थे। जिनके प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण का निर्णय लिया गया। बैठक में पंसस प्रदीप कुमार पासवान द्वारा सोहेया पहाड़ के अवैध लीज का मामला उठाया।

त्वरित जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गयी। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि क्षेत्र के वि प्रखंड प्रमुख राजकुमार देवी ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र में विकास योजनाओं का चयन करें। मौके पर सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, उप प्रमुख इंदु देवी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता आदि मौजूद थे।

# विधानसभा में सौंपेंगे स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन से संबंधित रिपोर्ट : नलिन सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य में 75 फीसदी स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन को लेकर झारखंड विधानसभा द्वारा गठित विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) के संयोजक-सह-विधानसभा के माननीय सदस्य नलिन सोरेन शुक्रवार को पलामू पहुंचे। पलामू परिभ्रमण के दौरान वे प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित स्थानीय सर्किट हाउस में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जिलों के मुख्य नियोक्ता संबंधित कंपनी के सक्षम प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं गैर सरकारी कार्यालयों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए मानव श्रम की जांच की। उससे संबंधित रिपोर्ट सक्षम पदाधिकारियों से प्राप्त की। साथ ही उपलब्ध रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों से विमर्श किया। कमेटी के संयोजक नलिन सोरेन ने कहा कि स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा को सौंपा जायेगा। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभाग के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जिलों के मुख्य नियोक्ता संबंधित कंपनी के सक्षम प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों/ इकाइयों एवं संस्थाओं में कुल नियुक्त कर्मियों में 75% स्थानीय एवं 40,000 से कम वेतन, पारिश्रमिक या मेहनताना पाने वाले प्रत्येक कर्मचारी का विस्तृत विवरण श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करें।



# तीन छात्राओं का राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृति में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** प्रखंड अंतर्गत राजहारा कोठी मध्य विद्यालय के तीन छात्राओं का राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा योजना में चयन हुआ है। चयनित छात्राओं में शिमरन कुमारी, श्वेता कुमारी व रिमझिम कुमारी का नाम शामिल हैं। इस योजना के तहत अब तीनों छात्राओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति के रूप में मिलेगी। तीनों छात्राएं निर्धन परिवार से आती हैं, इसलिए यह राशि तीनों छात्राओं के बेहतर कैरियर व उच्च शिक्षा में वरदान साबित होगा। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों को दिया। कहा कि उन्हीं के कुशल निर्देशन में परीक्षा की तैयारी की ओर सफलता भी हासिल हुआ। छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार भी आह्लादित है। शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा तीनों चयनित छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार द्विवेदी, शिक्षक राहुल पांडेय, संजीव कुमार राम, अजय प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।



## स्पोर्ट्स



**कोलकाता के इडेन गार्डन स्टेडियम में खेले हुए राजस्थान रॉयल्स ने एक तरफा मुकाबले में महजत 13.1 ओवर में ही केकेआर को हरा दिया। इसमें यशस्वी जायसवाल की 47 गेंद पर 98 रन की विस्फोटक पारी शामिल है।**

## युजवेंद्र चहल ने झटके चार विकेट, केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की राह हुई मुश्किल

# यशस्वी की 98 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को नौ विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 56वें मैच में यशस्वी जायसवाल की विस्फोटक पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकएआर) को 9 विकेट से हरा दिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 149 रन बनाए थे। जवाब में यशस्वी जायसवाल ने 47 गेंद पर 98 रन की विस्फोटक नॉटआउट पारी खेलकर 13.1 ओवर में ही राजस्थान रॉयल्स को जीत दिला दी। वहीं, संजू सैमसन 29 गेंद में 48 रन के स्कोर पर नॉटआउट रहे। पहली पारी में युजवेंद्र चहल ने 4 और ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए थे। इस जीत से राजस्थान रॉयल्स पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंच गई। वहीं कोलकाता के प्लेऑफ में पहुंचने की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कोलकाता की शुरूआत बेहद खराब रही। ट्रेंट बोल्ट ने उन्हें शुरूआती ओवरों में ही 2 झटके दिए और दोनों ओपनर्स को चलता कर दिया। टीम शुरूआती 6 ओवर में 37 रन ही बना सकी। वहीं, मिडिल ओवर्स में राजस्थान से युजवेंद्र चहल ने केकेआर के बैटर्स को खुलकर खेलने नहीं दिया। उन्होंने 4 विकेट लिए और कोलकाता 20 ओवर में 149 रन ही बना सकी। इसके बाद 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे राजस्थान से यशस्वी जायसवाल ने पहले ही ओवर में 26 रन बना दिए। उन्होंने 13 गेंद में पचासा पूरी कर 98 रन की नॉटआउट पारी खेली और टीम को 41 गेंद बाकी रहते जीत दिला दी।



### चहल बने टॉप विकेट टेकर

कोलकाता के खिलाफ 4 विकेट लेकर युजवेंद्र चहल आइपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उनके 143 मैचों में 187 विकेट हो गए हैं। चहल के बाद वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो 183 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। चहल इस सीजन के भी टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 21 विकेट हैं।

# बसपा नेता ने किया निमिया गांव का भ्रमण, ग्रामीणों से सुनी उनकी समस्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बसपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के अल्पसंख्यक बहुल्य गांव निमिया का भ्रमण किया। वे निमिया गांव के जनसमस्याओं से रूबरू हुए। इस क्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि अब तक के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के मुस्लिमो को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। मुस्लिम गांवों के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। गांव की मूलभूत समस्याएं आज भी यथावत है। बबलू सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक प्रयास किया जायेगा। समस्याओं से आला अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। गांव में मूलभूत सुविधाएं बहाल कराई जायेगी। मौके पर बसपा नेता सह नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,उस्मान अंसारी,निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी,प्रवीण सिंह,जसीम अंसारी,करीम अंसारी,नियामत अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## 12वीं में चिन्मय विद्यालय का शानदार रिजल्ट

# 125 से ज्यादा बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिला

अदिति भारद्वाज हुई विद्यालय टॉपर कॉमर्स में मिला 97 प्रतिशत

साइंस में में रोनित राय बने विद्यालय टॉपर 96.2 प्रतिशत

श्रुति 96.4 प्रतिशत अंक लाकर बनी आर्ट्स टॉपर






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** सी.बी.एस.ई 12वीं का परिणाम प्रकाशित हो चुका है, जिसमें चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। इस विद्यालय के अदिति भारद्वाज कॉमर्स में 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉपर आई है, जबकि साइंस में रोनित राज विद्यालय टापर हुए हैं जिनका प्राप्तांक है 96.2 प्रतिशत है वहीं आर्ट्स में श्रुति सिंह अव्वल आई है ।इनका प्राप्ताक 96.4 प्रतिशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विद्यालय के 125 से ज्यादा छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं ।12वी के रिजल्ट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य श्री सूरज शर्मा ने कहा कि विद्यालय के 12वीं का परिणाम शानदार हैं। सभी सफल छात्रों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हुं।

**12वीं में विद्यालय के प्रत्येक स्ट्रीम के टॉपर के नाम इस प्रकार हैं :**

**कामर्स स्ट्रीम**

1.अदिति भारद्वाज-96.70 प्रतिशत
2.अरुणिमा पांडे- 95.60 प्रतिशत
3.कृष्ण बंसल - 95.60 प्रतिशत
4.रिषभ केजरीवाल- 95.40 प्रतिशत
5.रोशनी प्रिया - 94.80 प्रतिशत

**सलज शांडिल्य : 94.80 प्रतिशत**

**साइंस स्ट्रीम**

1.रोहित राज - 96.20 प्रतिशत
2.अर्पिता पराशर- 96.00 प्रतिशत
3.आयुषी सिंह - 95.80 प्रतिशत
4.सौरभ कुमार पांडे- 95.40 प्रतिशत
5.अमन आर्यन - 95.20 प्रतिशत

**आर्ट्स स्ट्रीम**

1.श्रुती सिह- 96.4 प्रतिशत
2.मेघा शर्मा- 96.2 प्रतिशत
3.नमन गढवाल - 95.40 प्रतिशत
4.शगुन सिह- 95.40 प्रतिशत
5.नफीसा खातुन- 94.80 प्रतिशत

इस विद्यालय के सलज शांडिल्य को अकाउंट्स मे शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है जो कि एक उलेखनीय उपलब्धि हे

इस वर्ष की परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा - यह स्वर्णिम एवं सुखद परिणाम छात्र एव विद्यालय के सभी शिक्षकों के कठिन एवं समन्वित प्रयास एवं विद्यालय प्रबंधन के कुशल निर्देशन के कारण संभव हुआ है। मैं सभी उ×ीर्ण छात्र उनके अभिभावकगण एवं शिक्षक को हार्दिक बधाई देता हूँ एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ, साथ ही विद्यालय प्रबंधन के सभी पदाधिकारियों को उनके अप्रतिम सहयोग के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में शत प्रतिशत छात्र 90ः से अधिक अंक लाएगा।

इस परिणाम-प्रकाशन के अवसर पर परम-पूज्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती (आचार्या)

चिन्मय मिशन केन्द्र बोकारो, श्री बिश्वरुप मुखोपाध्याय (अध्यक्ष), विद्यालय प्रबंधन समिति , श्री महेश त्रिपाठी, (सचिव), विद्यालय प्रबंधन समिति, श्री वृजमोहन लाल दास, वरीय शिक्षक एवं श्री नरमेन्द्र कुमार वरीय शिक्षक सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए, उन्हे हार्दिक बधाई दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में अंबेडकर एकेडेमी लोयाबाद का परिणाम शत प्रतिशत









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** शुक्रवार को सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में अम्बेडकर एकाडेमी स्कुल लोयाबाद का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कुल से टोटल 24 बच्चे परीक्षा में भाग लिए।जिसमे सभी पास हुए। स्कुल की वाणी विशवकर्मा ने 90.5 प्रतिशत मार्क्स लेकर स्कुल की टॉपर बनी। रिषभ पासवान 85.5 प्रतिशत, सौरभ वर्मा 80 प्रतिशत, छवि मिश्रा 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। स्कुल के प्रीसिंपल विनोद रस्तोगी ने उतीर्ण परीक्षाथीर्थो को बधाई देते हुए कहा कि लगातार कई वर्षों से यहां का परीणाम सौ प्रतिशत होते आ रहा है। स्कूल की टॉपर रही वाणी विश्वकर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां पिता एंव स्कुल के शिक्षको को दी।

## झरिया में चल रही 310 करोड़ जलापूर्ति योजना की प्रगति पर विशेष समीक्षा बैठक

# विधायक पूर्णिमा ने अधिकारियों से ली अद्यतन रिपोर्ट, कई मुद्दों पर बनी सहमति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया में चल रहे 310 करोड़ जलापूर्ति योजना की प्रगति रिपोर्ट को लेकर शुक्रवार को नगर आयुक्त सह प्रभारी प्रबंध निदेशक झमाड़ा सतेंद्र कुमार के कार्यालय कक्ष में विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, प्रकाश कुमार (सहायक नगर आयुक्त), जेएमसी तथा पीएमसी के अधिकारी, टीएम, एसडीओ झमाडा तथा जेई मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान झरिया में चल रहे 310 करोड़ की जलापूर्ति योजना की समीक्षा हुई जिसमें दामोदर जल संयंत्र जामाडोबा को 24 घंटे बिजली आपूर्ति हेतु अलग फीडर लगाने के तैयार प्राक्कलन पर जल्द कार्य प्रारंभ करने। जल संयंत्र के पुराने फिल्टर प्लांट का जीणोर्धार, बाउंड्री वॉल निर्माण, पुराने पंप का बदलने का कार्य जल्द प्रारंभ करने। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत जॉब कार्ड धारी श्रमिकों के बकाया मानदेय का भुगतान एक सप्ताह के अंदर किए जाने। जामाडोबा फिल्टर प्लांट में लगे मोटर काफी पुराने और कम क्षमता के हैं, मोटर को बदल कर नया मोटर लगाने, उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द पाइपलाइन द्वारा पेयजलापूर्ति हेतु जल्द झरिया बाजार सहित बाकी जगहों पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा करने, शहरी जलापूर्ति योजना के तहत निशुल्क 32000 जल कनेक्शन उपभोगताओ को दिए जाने, घनुड़ीह में झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग पर पाइप शिफ्टिंग का कार्य जल्द कराए जाने के मुद्दे पर सहमति बनी। इस दौरान बताया गया की जेएमसी द्वारा 22 नया मोटर लगाया जाना है, 15 मोटर पंप उपलब्ध कराने का ऑर्डर भेजा गया है, चार माह में उच्च क्षमता का नया मोटर आ जायेगी। तत्पश्चात नया मोटर लगाया जायेगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह माडा के अधिकारी तथा जेएमसी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोहलबनी घाट पर हुआ एसएसपी संजीव की माता का अंतिम संस्कार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** शुक्रवार को मोहलबनी घाट पर एसएसपी संजीव कुमार की माता स्व शकुंतला मेहता का अंतिम संस्कार हुआ। इससे पूर्व एसएसपी आवास पर अंतिम दर्शन करने को लेकर जिले के आला अधिकारियों एवं शहर के गणमान्य लोगों का तांता लगा रहा। उपायुक्त संदीप कुमार सहित पुलिस के वरीय अधिकारियों में सिटी एसपी रिष्मा रमेशन, डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, डीएसपी-1अमर कुमार पांडेय, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रमुख गणमान्य लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार की माता शकुंतला मेहता का गुरुवार 11 मई को 3 बजे अपराह्न में निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार थी और उनका इलाज स्थानीय जालान हॉस्पिटल में चल रहा था।वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हजारीबाग निवासी शकुंतला मेहता के पति प्रदीप कुमार का निधन पूर्व में ही हो गया था। अंतिम संस्कार में सत्तारूढ़ दल सचेतक व टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के साथ झामुमो जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, कालीचरण महतो एवं लखन प्रामाणिक, बसंत महतो, महानगर अध्यक्ष मन्टू कुमार चौहान, महानगर उपाध्यक्ष बन्टी सिंह, चंडी चरण देव, दिनेश महतो, सपन मोदक उपस्थित थे।

# बंगाली कल्याण समिति ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सीएमपीएफ कॉलोनी दुर्गा मंडप में गुरुवार की देर शाम बंगाली कल्याण समिति द्वारा 'आमादेर कोबी प्रणाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जन्म जयंती को समर्पित रहा। आयोजक ने बताया कि बंगाली कल्याण समिति का उद्देश्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान करना है जिसके तहत कार्यक्रम आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित हे नूतन गीत के साथ हुई, एवं बारी-बारी से सभी सदस्यों ने रविंद्र नाथ के तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीएमपीएफ के रिटायर्ड रीजनल कमिश्नर हरिद्वार पाठक ने कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरुदेव से सिर्फ हमलोग ही प्रेरित नहीं होते हैं उनसे बड़े बड़े लेखक और कवि भी प्रेरित होते आ रहे हैं। समिति के सदस्य एवं सानिया, आरोही, सृंजिनी, उर्मी, अर्पण, अनन्या एवं अन्य बाल कलाकारों द्वारा रवींद्र संगीत, कविता व नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विकास कांति खां एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ एसएस सरकार द्वारा किया गया।

# डीएवी सेक्टर-6 में 10वीं कक्षा में पायल प्रिया और पूर्व कुमार ने परचम लहराया











**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में सी.बी.एस.ई 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें विद्यालय के पायल प्रिया व पूर्व कुमार ने 97.4 % अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित किया। द्वितीय कुनाल कुमार व पलक्ष सिंह 95.8% तृतीय स्थान राहिका अम्बर ने 95.6% अंक हासिल किया।

विद्यालय के 68 छात्र-छात्राओं में से 28 छात्र छात्राओं को 75% से अधिक प्राप्त हुए। विद्यालय के प्रभारी नागेंद्र प्रसाद ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री नागेंद्र प्रसाद ने कहा डीएवी सेक्टर-6 के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उन्नति कर रहे हैं । कुशल शिक्षकों के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने भी विद्यालय का नाम रोशन किया ।

# बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंड्री स्कूल में कार्यशाला का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, सेक्टर 8 बी में शिक्षकों के लिए दक्षता निर्माण कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बीएसएल विद्युत अनुरक्षण विभाग के महाप्रबन्धक तथा विद्यालय के स्थायी परिदर्शक श्री रजुल हलकर्णी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. शिक्षकों के लिए सीबीएसई द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सुशिक्षित, कार्यकुशल एवं सुयोग्य नागरिक निर्माण में परिमार्जित शिक्षापद्धति सहायक होगी. प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक श्री सुरजित सेन एवं श्रीमती नीता सहाय ने बहु विकल्पीय प्रश्नों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपलब्धि का आकलन किया. कैरियर मार्गदर्शन पर दक्षता उन्नयनह्व विषयक इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. समागत अतिथियों के भाषणोपरान्त धन्यवाद ज्ञापन हुआ एवं कार्यशाला के समापन की घोषणा की गई।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमंडल सं०-2,राँची**

**शुद्धि – पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 296139 (Building) 23-24#D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0 04/2023–24, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 10.05.2023 है। के ग्रुप सं0–18 के निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द की जाती है। निविदा की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 297234 Building(23-24).D

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0निविदा आमंत्रण सूचना।**
**(2nd call)**

**ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 05/2023-24**
**पत्रांक 309 लातेहार/दिनांक 12.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बिन्दाग नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड – गारू, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 52.519 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि एवं समय | 15.05.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 01.06.2023 3:00 बजे अपराह्न तक।<br>(1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>(2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>(3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 02.06.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोट :–** केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

**विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।**

**कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**PR.NO.297240 Water Resource(23-24):D**

**कार्यालय, जिला परिषद,गुमला**

**अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना**
**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि की सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।

दिनांक 28.03.2023 को संपन्न जिला परिषद्, गुमला की बैठक में लिए गए निर्णय व दिनांक 11.05.2023 की बैठक में निर्धारित दर के आलोक में गुमला जिला अन्तर्गत निम्नलिखित बाजार हाटों की बन्दोबस्ती की जानी है।

अतः एतद द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | हाट बाजार का नाम | वर्ष 2023–24 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिसई | सिसई हाट | 25.05.2023 | 3.00 बजे अप0 | 750000 (सात लाख पचास हजार) | 75000 (पचहतर हजार मात्र) |
| 2 | भरनो | भरनो दक्षिणी | 25.05.2023 | 3.00 बजे अप0 | 250000 (दो लाख पचास हजार) | 25000 (पचीस हजार मात्र) |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 24.05.2023 तक **कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद्, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद,गुमला**

**PR 297213 Rural Development(23-24).D**

### किट इंटरनेशनल स्कूल भुवनेश्वर का शानदार प्रदर्शन

# मानविकी में 12वीं की स्नेहा नायक बनीं रीजनल टॉपर

**सीबीएसइ की 10वीं और 12वीं का परिणाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें किट इंटरनेशनल स्कूल (किट-आइएस), भुवनेश्वर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। स्कूल की 12वीं की छात्रा स्नेहा नायक मानविकी में क्षेत्रीय स्तर पर अव्वल आयीं। किट इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कक्षा 12वीं की सीबीएसइ परीक्षा 2023 की तीनों संकायों विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उभरे हैं। जबकि 35% छात्रों ने 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं। स्कूल के शुभम सोहन ने 98% के साथ साइंस स्ट्रीम में टॉप किया, जबकि कॉमर्स में प्राचुर्ज्य मोहंती ने 98% स्कोर किया।

इसी तरह 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल के 60% से अधिक छात्रों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं। सुश्री मनीषा मल्लिक, आस्तु नायक और अदिति नायक ने 97% अंक प्राप्त किए, जो स्कूल का सर्वोच्च स्कोर है। किट इंटरनेशनल स्कूल जो सीबीएसइ, आईसीएसइ और आईबी डीपी पाठ्यक्रम प्रदान करता है, ने अपनी स्थापना के पिछले 17 वर्षों से हमेशा शिक्षाविदों और सभी सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभी छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि, यह उचित देखभाल और आधुनिक शिक्षण पद्धति के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने इस सफलता की दिशा में प्रयास करने के लिए चेयरपर्सन डॉ मोनालिसा बल, प्रिंसिपल डॉ संजय सुअर और अन्य कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

## एमसीएल ने भूमि विस्थापितों को प्रदान किये 11 करोड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के तुमुलिया गांव के 17 भूमि विस्थापित परिवारों को संरचना मुआवजे के रूप में 11 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया। महालक्ष्मी और बसुंधरा क्षेत्रांतर्गत तुमुलिया गांव के इन लाभार्थियों को एमसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के रूप में, कंपनी की पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति के अनुसार यह राशि प्रदान की गयी है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन) जिला सुंदरगढ़ द्वारा, एमसीएल के बसुंधरा और महालक्ष्मी क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधक की उपस्थिति में लाभार्थियों को चेक सौंपे गये। देश की अग्रणी कोयला उत्पादक कंपनी एमसीएल का लक्ष्य अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से अपने कमान क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करना है। एमसीएल अपनी पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति के तहत भूमि विस्थापितों को रोजगार, नकद मुआवजा, भूखंड और अन्य लाभ प्रदान करके उनके जीवन में सुधार लाने के साथ ही अधिग्रहीत क्षेत्र के विकास हेतु कृतसंकल्पित है।

## रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** रुपेश कर्मी, ट्रैक मेंटेनर रेढ़ाखोल को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के प्रति उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों के साथ अच्छी तरह से परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने उन्हें अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर, आनंद सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), तत्वदर्शी साहू, संतोष कुमार देवांगन वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## ओटीइटी प्रमाणपत्र जीवन भर के लिए वैध राज्य सरकार ने कानून में किया परिवर्तन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओटीइटी के नियम बदल गये हैं। साथ ही ओडिशा टीचर एलिजिबिलिट टेस्ट प्रमाणपत्र जीवन भर के लिए मान्य होगा। एक बार पास हो गए तो दोबारा परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। पहले शिक्षक भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का प्रमाण पत्र 7 साल के लिए वैध होता था। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद आशायी शिक्षक में खुशी की लहर दिखायी दे रही है।

## केनरा बैंक मोबाइल एटीएम वैन अब आपके द्वार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इस गर्मी में केनरा बैंक भुवनेश्वर ने सभी नागरिकों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लाभ के लिए शहर की प्रमुख हाउसिंग सोसाइटी में मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा प्रदान करने की पहल की है। 12 मई को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक उत्कल रॉयल रेजिडेंसी में मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध करायी गयी। वरिष्ठ नागरिकों सहित कई निवासियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और अपने लिए नकदी निकाली और बहुत प्रसन्न थे कि उन्हें इस गर्मी में नकदी निकालने के लिए बाहर नहीं निकलना पड़ा। केनरा बैंक भुवनेश्वर अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक जगदीश चंद्र, वरिष्ठ नागरिकों का अभिवादन करने के लिए वहां उपस्थित रहे।

## संबलपुर मंडल में संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारण रेल सेवाएं प्रभावित

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल में बागबाहरा-कोमाखान खंड, भीमखोज यार्ड, हरिशंकर रोड - तुरेकेला रोड खंड और काडेल रोड - रूपरा रोड खंड पर संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारण ट्रेनों का रद्दीकरण और मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। गाड़ी 08527/08528 रायपुर- विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 15 मई को दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। गाड़ी 08317/08318 संबलपुर- जूनागढ़ रोड- संबलपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 15 मई को दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। गाड़ी 08275 रायपुर - जूनागढ़ रोड पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 15 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी 08276 जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर स्पेशल 16 मई को रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन :** 14 मई को तिरुपति से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस अपने वर्तमान मार्ग टिटिलागढ़-लखोली-रायपुर के स्थान पर टिटिलागढ़-संबलपुर-इब-बिलासपुर मार्ग के रास्ते चलायी जायेगी। 14 मई को साईनगर शिर्डी से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 20858 साईनगर शिर्डी-पुरी एक्सप्रेस अपने वर्तमान मार्ग रायपुर-टिटिलागढ़-संबलपुर - अनुगुल के स्थान पर रायपुर-बिलासपुर-संबलपुर-अनुगुल के रास्ते चलायी जायेगी।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सफल छात्रों को बधाई दी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस साल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्रों को ट्विटर के जरिए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। श्री प्रधान ने कहा कि आज साल भर की कड़ी मेहनत और सफलता का उपभोग का एक यादगार अवसर है। कड़ी मेहनत और लगन ने सभी को सफलता दिलायी है।

## प्रदेश में बना रिकॉर्ड, 136 लाख 6 हजार मीट्रिक टन से अधिक खाद्य शस्य उत्पादन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में 2022-23 में रिकॉर्ड मात्रा में खाद्य शस्य उत्पादन हुआ। कृषि एवं कृषक सशक्तिकरण विभाग के तीसरे प्रारंभिक अनुमान के अनुसार राज्य में वर्ष 2022-23 में खाद्य शस्य उत्पादन 136 लाख 6 हजार मीट्रिक टन से अधिक होने का अनुमान है। इससे पूर्व वर्ष 2020-21 में प्रदेश में 130 लाख 38 हजार मीट्रिक टन खाद्य शस्य का उत्पादन हुआ था।

कृषि एवं कृषक सशक्तिकरण, मत्स्य पालन एवं पशुधन विकास मंत्री रणेंद्र प्रताप स्वाइं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के किसान भाई-बहनों तथा विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदेश में रिकार्ड खाद्य शस्य उत्पादन के लिए बधाई दी।

वर्ष 2022-23 के अनुमान के अनुसार राज्य के कुल अनाज उत्पादन में चावल का उत्पादन 115 लाख मीट्रिक टन, जबकि मक्का का उत्पादन 8 लाख 60 हजार मीट्रिक टन से अधिक, मंडिया 1 लाख 61 हजार मीट्रिक टन से अधिक है तथा गेहूं, बाजरा, ज्वार एवं अन्य छोटे अनाजों का उत्पादन 28 हजार मीट्रिक टन से अधिक होने का अनुमान है। इसी प्रकार दाल जातीय अनाज के कुल उत्पादन में 10 लाख 55 हजार मीट्रिक टन से अधिक, मूंग का 4 लाख 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक, बीरी का 1 लाख 97 हजार मीट्रिक टन से अधिक, हरड का 1 लाख 37 हजार मीट्रिक टन से अधिक, कोलथ 91 हजार मीट्रिक टन से अधिक, मटर 29 हजार मीट्रिक टन से अधिक, मसूर 7000 मीट्रिक टन से अधिक, बरगुड़ी 68000 मीट्रिक टन से अधिक, और अन्य दाल जातीय अनाज 76000 मीट्रिक टन अन्य दालें शामिल हैं।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**